नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 256 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, सोमवार 25 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाले रायपुर पुलिस के जवान ....



सांसद गोमती साय के प्रयास से चंपा सन्ना जिओ मोबाइल नेटवर्क की .... पेज -8 पर

## छत्तीसगढ़ में फिर डराने लगा कोरोना, 511 नए मरीज मिले, 1 की मौत

एक्टिव केस 3830, पॉजिटिविटी दर 4.48 प्रतिशत



रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार को प्रदेश में 511 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3830 पहुंच गई है।

सबसे ज्यादा 621 रायपुर व 546 एक्टिव केस दुर्ग जिले में हैं। कोरोना से रायपुर में 1 की मौत भी हुई है। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य की सीमाओं और सभी एयरपोर्ट पर कोविड जांच अनिवार्य किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने और वैक्सीनेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक शनिवार को 11 हजार 398 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 511 नए संक्रमित मिले हैं। रायपुर जिले में सबसे ज्यादा 79 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 444 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 14 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 4.48 है।

छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 56 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 62 हजार 392 लोग संक्रमित हो चुके हैं। पूरे प्रदेश में दुर्ग, रायपुर व राजनांदगांव जिले में सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे हैं।

### प्रदेश के इन जिलों में मिले कोरोना के मरीज

*24 घंटे में प्रदेश के 25 जिलों में कोरोना के 511 नए मरीज मिले हैं। रायपुर जिले में 79, दुर्ग में 73, राजनांदगांव में 69, बलौदाबाजार में 30, जशपुर, जांजगीर-चांपा व कोरबा में 24-24, महासमुंद व बिलासपुर में 23-23, सरगुजा में 22, बस्तर में 18, बालोद व बेमेतरा में 15-15, धमतरी व रायगढ़ में 13-13, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 10, कबीरधाम में 8, सूरजपुर में 7, कांकेर, बलरामपुर, कोरिया व मुंगेली में 4-4, दंतेवाड़ा व कोंडागांव में 2-2 और गरियाबंद जिले में 1 मरीज की पुष्टि हुई है।*

सिंहदेव पर सीएम भूपेश के पिता नंदकुमार का तीखा प्रहार

## कहा- आधा अधूरा इस्तीफा क्या देना, मंत्रिमंडल से हट जाएं

बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता और अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकुमार बघेल ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव आधा अधूरा इस्तीफा न दें। यदि सरकार में नहीं रहना है तो पूरी तरह से इस्तीफा दें।



सिंहदेव को प्रदेश सरकार पसंद नहीं है तो पूरी तरह से इस्तीफा देकर अलग हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनको एक बात मंजूर है, लेकिन दूसरी बात मंजूर नहीं। इस तरह का इस्तीफा गलत है। दरअसल, नंदकुमार बघेल कोरिया जिले के प्रवास पर आए थे। इस दौरान मनेंद्रगढ़ के रेस्ट हाउस में टीएस सिंहदेव के पंचायत विभाग छोड़ने पर मीडियो को यह बयान दिया।

मीडिया से चर्चा के दौरान नंदकुमार बघेल ने एक वर्ग विशेष के खिलाफ विवाद बयान टिप्पणी भी कर दी। उन्होंने एक वर्ग विशेष को संबोधित करते हुए कहा कि वे हमें अछूत मानते हैं, उनका पैर पडऩा पड़ता है। वे विदेशी हैं और 6 हजार साल पहले रूस, साइबेरिया से आए हैं। वे गाय का दूध नहीं पीते हैं, वे रस पीते हैं। गाय का रस पीने वालों से हम नफरत करते हैं। जैसे गोरस से गोड़से हैं और गोड़से ने महात्मा गांधी की हत्या की थी। गोली लगने के बाद गांधीजी ने गोड़से के लिए कहा था कि उसे फांसी नहीं होनी चाहिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फांसी दी। बता दें कि नंदकुमार बघेल भले ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता हैं, लेकिन दोनों के विचार नहीं मिलते। सीएम भूपेश बघेल कई बार सार्वजनिक रूप से इस बात को बोल चुके हैं।

## एक नजर

### दिल्ली प्रवास पर रवाना हुई राज्यपाल सुश्री उइके

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके दिल्ली प्रवास के लिए रवाना हो चुकी हैं। राज्यपाल सुश्री उइके दिल्ली प्रवास के दौरान देश के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगी। श्रीमती मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति के रूप में 25 जुलाई को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में श्रीमती मुर्मू विजयी हुई है।

### रोपा लगाने गए दादी पोता नदी की धारा में बह गए, दोनों का शव बरामद

**कवर्धा ।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले से आज एक हृदय विदारक खबर प्रकाश में आई हैं । खेत में धान का रोपा लगाने गए दादी-पोती काम पूरा करने के बाद नदी में हाथ-पांव धोते समय अचानक बाढ़ आ गई और बह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों के शवों को बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार, बोड़ला थाना के मूढ़घुसरी मैदान में दादी सागौन बाई अपनी 5 वर्षीय पोती ज्ञानेश्वरी के साथ अपने खेत में धान का रोपा लगाने गई थी. काम खत्म होने के बाद नदी में दोनों हाथ-पांव धो रहे थे.और अचानक पानी आ गया उन्हें संभलने का मौका ही नही मिला।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट,19 जिलों में हो सकती है जोरदार बारिश

### प्रशासन अर्लट, 14 जिलों में रेड अलर्ट

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के पडोसी राज्य अंदरुनी ओडिशा के ऊपर और ज्यादा प्रबल हुआ चक्रीय चक्रवात का घेरा बनने के कारण प्रदेश में सरगुजा संभाग को छोडकर शेष संभागो के जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और एक दो स्थानों पर अति भारी वर्षा की संभावना है। छत्तीसगढ़ मौसम विभाग ने आज रविवार 24 जुलाई को 19 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है इसके लिए विभाग ने रेड और येलो अलर्ट जारी किया है इधर, सीएम भूपेश बघेल ने कलेक्टरों और पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। मौसम विभाग ने बताया कि रविवार 24 जुलाई को 5 जिलों राजनांदगांव, बालोद, कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और 14 जिलों कबीरधाम, बेमेतरा, बलौदाबाजार, जांजगीर, रायगढ़, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, धमतरी, गरियाबंद, कोंडागांव, बस्तर, दंतेवाड़ा और सुकमा के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।




## मध्य प्रदेश के निकाय चुनाव के नतीजों से बीजेपी अलर्ट, छत्तीसगढ़ में नेतृत्व संकट बड़ी चुनौती

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में स्थानीय निकायों के चुनाव नतीजों को लेकर भाजपा सतर्क हो गई है। छत्तीसगढ़ में पार्टी पहले ही नेतृत्व के संकट से जूझ रही है। दोनों राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं।



ऐसे में अगस्त माह से चुनावी रणनीति पर प्रभावी अमल शुरू हो जाएगा। दोनों राज्यों में संभावित कुछ संगठनात्मक व प्रशासनिक बदलाव किए जाने की भी संभावना है। भाजपा नेतृत्व ने हाल में लंबे समय से पूर्वोत्तर में काम कर रहे अजय जामवाल को मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ का क्षेत्रीय संगठन मंत्री बनाया है। इससे यह साफ हो गया है कि भाजपा नेतृत्व अब दोनों राज्यों में मजबूत चुनावी तैयारियों के लिए संगठनात्मक मजबूती को पर खासा जोर देने जा रही है। मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ 2000 से पहले एक ही राज्य थे, इसलिए दोनों राज्यों का संगठनात्मक ढांचा लगभग एक जैसा ही है।

मध्यप्रदेश में भाजपा को महाकौशल और ग्वालियर चंबल क्षेत्र में ज्यादा मजबूती से तैयारी करनी होगी, क्योंकि इन दोनों क्षेत्रों में कांग्रेस ने हाल में स्थानीय निकाय चुनाव में प्रभावी प्रदर्शन किया है। ग्वालियर चंबल क्षेत्र में ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में आने से आंकड़ों में तो भाजपा मजबूत हुई है, लेकिन नेताओं के आपसी टकराव भी बढ़े है, जिससे उसे हाल में कुछ चुनावी नुकसान भी हुआ है।

पार्टी को सबको एक साथ रखने की भी बड़ी चुनौती है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के सामने नेतृत्व का संकट बरकरार है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह राज्य के सबसे बड़े नेता हैं, लेकिन चुनावी नेतृत्व को लेकर पार्टी उन पर भरोसा करेगी, इसे लेकर संदेह है। सूत्रों के अनुसार हाल में अजय जामवाल को क्षेत्रीय संगठन मंत्री बनाकर मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ भेजे जाने के पीछे इन दोनों राज्यों के लिए मजबूत संगठनात्मक तैयारी करना है।

## पुलिस ने दबोचे 6 आरोपी

**रायपुर ।** माना पुलिस ने अभियान चलाते हुए शहर के धरमपुरा स्थित महफिल रेस्टोरेंट व टेमरी स्थित टीटू रेस्टोरेंट कैफे में दबिश देकर 13 बॉटल शराब, 13 बॉटल बीयर व हुक्का का सामान जब्त किया है। मामले में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर धरमपुरा स्थित महफिल रेस्टोरेंट में दबिश देकर 7 बाटल अंग्रेजी शराब, 7 बाटल बीयर, हुक्का का सामान जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी रेखचंद साहू सहित अन्य दो के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी तरह दूसरे मामले में पुलिस ने ग्राम टेमरी स्थित टीटू रेस्टोरेंट कैफे में दबिश देकर 6 बाटल अंग्रेजी शराब, 6 बाटल बीयर, हुक्का का सामान जब्त किया है।

## साइड नहीं देने पर लड़की ने युवक का गला रेता

रायपुर में लगातार हॉर्न बजा रही थी नाबालिग, गूंगा-बहरा होने की वजह से नहीं सुन पाया मृतक



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कंकाली पारा इलाके से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़की ने साइड नहीं देने पर युवक की हत्या कर दी। चाकू से गला रेतने के बाद नाबालिग फरार हो गई। जिसके कुछ देर बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल लड़की से आजाद चौक थाने में पूछताछ की जा रही है। युवती के परिजनों को भी पुलिस ने थाने में बुलाया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लड़की ने जिस युवक की जान ली उसका नाम सुदामा था। रविवार दोपहर के वक्त लड़की अपनी मां को स्कूटी पर बैठाकर कहीं जा रही थी। रास्ते में आगे-आगे साइकिल पर सुदामा भी चल रहा था। संकरे रास्ते में लड़की ने हॉर्न बजाकर सुदामा से हटने को कहा, लेकिन सुदामा ने जगह नहीं दी। इस बीच लड़की के स्कूटर का बैलेंस बिगड़ा और उसकी मां गिर पड़ी। मां के गिरने के बाद लड़की को गुस्सा आ गया। वो सुदामा को पकड़ने के लिए लपकी, उसने अपने पास रखे चाकू को निकालकर सुदामा का गला रेत दिया। सड़क पर खून बिखर गया। सुदामा की वहीं मौत हो गई।

## ट्रैफिक पुलिस कॉन्स्टेबल को सड़क पर मिला लाखों रुपयों से भरा बैग, थाने में जमा कराया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक ट्रैफिक पुलिस कॉन्स्टेबल ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। रायपुर ट्रैफिक पुलिस में तैनात कॉन्स्टेबल नीलांबर सिन्हा को लावारिस हालत में सड़क पर एक बैग मिला। उन्होंने बैग खोला तो उसमें 2000 और 500 के नोटों के कई बंडल थे। सिन्हा ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए रुपयों से भरा बैग थाने में जमा करा दिया। बैग में कुल 45 लाख रुपये थे। नीलांबर की ईमानदारी की हर तरफ चर्चा हो रही है। यहां तक कि सूबे के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी ट्वीट कर सिन्हा को समाज के लिए आदर्श बताया है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को एयरपोर्ट की ड्यूटी से घर जाते वक्त राय पब्लिक स्कूल के पास नीलांबर को एक सफेद रंग का बैग मिला। बैग में नोटों के बंडल भरे थे। नीलांबर ने बैग के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी और बैग थाने में जमा करा दिया।



### सीएम बघेल ने की सिन्हा की तारीफ

*छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल ने नीलांबर की तारीफ करते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, ट्रैफिक आरक्षक नीलांबर सिन्हा जैसे ईमानदार लोग समाज के लिए आज के समय में ईमानदारी का पर्याय हैं। नीलांबर को लावारिस हालत में 45 लाख रुपए से भरा बैग प्राप्त हुआ था, जिसे उन्होंने एसएसपी रायपुर को लौटा दिया। ऐसे ईमानदार व्यक्तित्व समाज के लिए आदर्श हैं। हम सब इनको सलाम करते हैं।*

उद्‍घाटन.. एल.सी.डी. प्रोजेक्टर मिलने से बच्चे कर सकेंगे ऑनलाइन पढ़ाई

## प्रयास एजुकेशन सोसायटी के बच्चों को मिली एल.सी.डी. प्रोजेक्टर की सुविधा

रायपुर। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा और खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन ने आज राजधानी रायपुर के संतोषी नगर के गोकुल नगर मार्ग में छत्तीसगढ़ पुलिस परिवार द्वारा संचालित श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी में एल.सी.डी. प्रोजेक्टर का विधिवत उद्घाटन किया।




मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदत्त इस प्रोजेक्टर से श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी में संतोषी नगर के गरीब वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क नवीनतम एवं आधुनिक शिक्षा मिलेगी। एल.सी.डी. प्रोजेक्टर मिलने से बच्चे काफी उत्साहित है। संस्था के पदाधिकारियों और बच्चों ने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने श्री प्रयास एजुकेशन सोसायटी के बच्चों को अच्छी गुणवत्ता की पढ़ाई के लिए एल.सी.डी. प्रोजेक्टर उपलब्ध कराया है। इसके अलावा संस्था के बच्चों को खेलने के लिए 2 एकड़ जमीन उपलब्ध कराया है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल प्रदेश के गरीब वर्ग के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने के लिए स्कूल खोले है। सुदूर वनांचल के बंद पड़े स्कूलों को फिर से प्रांरभ कराया गया है। श्री लखमा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री राज्य के गरीब, किसान एवं सभी वर्गों के भलाई के लिए कार्य कर रहे हैं। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी वर्ग के लोगों तक शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुलभ हो सके, इसके लिए सरकार द्वारा नई-नई सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।




## हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का खुलासा

होटल हयात के कमरों में बैठी थीं कॉल गर्ल्स, पहुंच गई पुलिस; 11 लड़कियां गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर पुलिस ने एक हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है इसमें अलग-अलग राज्यों से रायपुर पहुंची कॉल गर्ल्स गिरफ्तार हुई हैं। पुलिस के मुताबिक राजधानी की एक पॉश होटल में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था।



यह कार्रवाई तेलीबांधा थाना पुलिस ने की। उन्होंने एंटी क्राइम यूनिट के जवानों के साथ मिलकर होटल हयात में छापा मारा। अलग-अलग कमरों से 11 लड़कियां गिरफ्तार की गईं। पुलिस के मुताबिक पकड़ाई लड़कियां हरियाणा, दिल्ली, बेंगलुरु, गुजरात, कोलकाता और नेपाल से रायपुर पहुंची थीं। होटल के कर्मचारियों को भी हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

इस मामले में एक दलाल को भी पकड़ा गया है जो लड़कियों के लिए ग्राहक तलाश रहा था। पुलिस इस रैकेट से जुड़े तमाम लोगों का पता लगा रही है।

# द्रौपदी मुर्मू होने का दर्द और हर्ष, क्या बदलेगी जनजातीय समाज की दशा

राष्ट्रपति पद पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के पदासीन होने से देश के उस वर्ग में व्यक्तिगत हर्ष व्याप्त हुआ है, जो अभी तक उपेक्षित, असंरक्षित और विदेशी आक्रमणों का शिकार होता आया है। हम सब, जो जीवन में जनजातीय क्षेत्रों में काम करते रहे, उनके मध्य एकरस राष्ट्र के भाव को फैलाते हुए उनके आर्थिक सामाजिक उन्नयन में जुटे रहे, वे जानते हैं कि जनजातीय समाज को किन खतरों, घृणा युक्त एकाकीपन और विदेशी धन से धर्मांतरण के हमले झेलने पड़े।

द्रौपदी मुर्मू उस दर्द और विषाद पर सत्य और धर्म की विजय का प्रतीक और हर्ष का कारण बनी हैं। ग्यारह प्रतिशत के लगभग हमारा जनजातीय समाज है-और देश में 98 प्रतिशत आतंकवाद, विद्रोह और विदेशी धन का खेल इसी क्षेत्र में होता है। देश के स्कूलों में कभी जनजातीय वीरों की महागाथाएं पढ़ाई नहीं गईं। बिरसा मुंडा और केरल के परसी राजा से लेकर अल्लुरी सीताराम राजू, नगा रानी गाईदिन्लयू, खासी योद्धा यू तीरथ सिंग, सिद्धो-कान्हो, चांद और भैरो, मानगढ़ की पहाड़ी के वीर भील योद्धा जैसी, जिन्होंने गोविंद गुरु के नेतृत्व में अपनी जीवन आहुति दी, सहस्रों कथाएं हमारे देश में बिखरी पड़ीं हैं।

लेकिन सेक्यूलर वामपंथी इतिहासकारों ने उनको कभी देश के सामने देशभक्त प्रतापी पराक्रमी मेधावी समाज के नाते प्रस्तुत नहीं होने दिया। प्रथम बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक परम पूज्य गुरुजी माधव सदाशिव गोलवलकर ने 1952 में वनवासी कल्याण आश्रम की कल्पना की और संगठन खड़ा कर जनजातीय समाज के मध्य देश का सबसे बड़े सामाजिक, सांस्कृतिक विकास का उद्यम प्रारंभ किया। उन्होंने देश के अन्य भागों में रह रहे नागरिकों को अपना सर्वस्व जनजातीय समाज के लिए अर्पित करने का आह्वान किया और आज हजारों एमए, एमटेक, एमबीबीएस, एमडी, इंजीनियर प्रचारक अंडमान से लेकर तवांग और ओखा से लदाख तक जनजातीय समाज में आर्थिक शैक्षिक विकास का कार्य कर रहे हैं। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, आज जिन 42 संगठनों को आतंकवाद और विद्रोही गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित किया गया है, उनमें से 35 केवल जनजातीय क्षेत्रों में सक्रिय हैं। नगालैंड से अरुणाचल, मणिपुर से असम और छत्तीसगढ़, आंध्र से बिहार और बंगाल, राजस्थान से केरल के नीलगिरि क्षेत्रों में जो माओवादी, नक्सल-कम्युनिस्ट संगठन, मणिपुर की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी, जमात और इस्लामी उग्रवादी संगठन-ये सब जनजातीय क्षेत्रों को अपना शिकार बनाना अधिक सरल और सुविधाजनक मानते हैं। विदेशी धन और चर्च के असीम निवेश से अधिकांश जनजातीय क्षेत्रों में धर्मांतरण तीव्र गति से हुआ है। अंग्रेजों के समय यह कार्य शुरू हुआ होगा, लेकिन सेक्यूलर गणतंत्र में जनजातीय संस्कृति और धर्म का अधिकतम ह्रास हुआ है।



जनजातीय समाज का विकास भारत के समक्ष सर्वाधिक बड़ी चुनौती है। देश के शहरी नागरिकों को इस बात का एहसास भी शायद कम होगा कि द्रौपदी मुर्मू जी और उनके सहजातीय जनजातीय समाज के करोड़ों लोग भारत की सीमाओं के प्रथम रखवाले हैं। वे जनजातीय वीर नागरिक हैं, जो कश्मीर, जम्मू, हिमाचल, उत्तराखंड, सिक्कि म, बिहार, नगालैंड, अरुणाचल से लेकर लक्षद्वीप और अंडमान तक भारत की प्रथम सुरक्षा पंक्ति निर्मित करते हैं।

एक उदाहरण अरुणाचल प्रदेश का ही है। इंदिरा गांधी ने कभी मदर टेरेसा को अरुणाचल आने की अनुमति नहीं दी। पर बाद में ईसाइयत का कांग्रेस पर इतना असर हुआ कि पूरा अरुणाचल ईसाई धर्मांतरण का शिकार हो गया। अनेक गांव ईसाई हो गए, अनेक मंत्री और गांवों के प्रमुख धर्मांतरित हो गए, सीमा तक चर्च पहुंच गए। अगला मुख्यमंत्री ईसाई होगा, यह स्पष्ट घोषणा की गई। अरुणाचल प्रदेश में कुछ वर्ष पहले स्थानीय मूल जनजातीय आस्था की रक्षा के लिए %इंडिजेनस फेथ% विभाग खोला गया। ईसाई प्रचारकों ने इसका इतना तीव्र विरोध किया कि सरकार को इसका नाम बदलना पड़ा। अब इसे सिर्फ जनजातीय विभाग या इंडिजेनस डिपार्टमेंट कहते हैं। हिंदू होना, जनजातीय होना घाटे का विषय है-अहिंदू होना दोगुना लाभ देता है- यह कुव्यवस्था स्वतंत्र भारत की सामाजिक समरसता नीतियों पर एक प्रश्नचिह्न है।

जनजातीय समाज का विकास भारत के समक्ष सर्वाधिक बड़ी चुनौती है। देश के शहरी नागरिकों को इस बात का एहसास भी शायद कम होगा कि द्रौपदी मुर्मू जी और उनके सहजातीय जनजातीय समाज के करोड़ों लोग भारत की सीमाओं के प्रथम रखवाले हैं। वे जनजातीय वीर नागरिक हैं, जो कश्मीर, जम्मू, हिमाचल, उत्तराखंड, सिक्किम, बिहार, नगालैंड, अरुणाचल से लेकर लक्षद्वीप और अंडमान तक भारत की प्रथम सुरक्षा पंक्ति निर्मित करते हैं। कारगिल की घुसपैठ के बारे में भी वहां के जनजातीय गड़रिये ने बताया था। उत्तराखंड, हिमाचल के गद्दी, भूतिए, टोलिया, मर्तोलिया से लेकर सिक्किम के बौद्ध, अरुणाचल के इदु मिश्मी-यही हमारे प्रथम रक्षक हैं, सेना बाद में आती है। भगवान जगन्नाथ की भक्त, सामाजिक समरसता की प्रतीक द्रौपदी मुर्मू जी पर देश के इतने बड़ी समाज की आशाओं, अपेक्षाओं और सपनों का बोझ है। बोझ नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है।

तरुण विजय

## संपादकीय

### अपने ही प्रदेश ने सिन्हा का साथ छोड़ा

राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार के अपने प्रदेश में ऐसी बेइज्जती नहीं हुई होगी, जैसी यशवंत सिन्हा की हुई है। उनको पूरे देश में अच्छी खासी संख्या में वोट मिले हैं। किसी भी विपक्षी उम्मीदवार को जितने वोट मिलते हैं उतने उनको भी मिल गए। लेकिन झारखंड में उनकी बहुत बुरी दशा हुई। यूपीए और एनडीए दोनों के नेताओं ने उनका साथ छोड़ दिया। आमतौर पर उम्मीदवार जिस राज्य का होता है वहां के विधायक व सांसद पार्टी लाइन से हट कर उसको वोट करते हैं। लेकिन इस बार झारखंड में उलटा हुआ है। राज्य में 81 विधायक और 14 सांसद हैं, जिनमें से यशवंत सिन्हा को एक भी सांसद का वोट नहीं मिला। विधायकों में भी सिर्फ आठ ने उनको वोट दिया। यह तब हुआ, जबकि राज्य में दो सांसद यूपीए के हैं और 50 के करीब विधायकों का समर्थन जेएमएम के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के साथ है। असल में राज्य में सरकार चला रही जेएमएम ने पहले ही आदिवासी के नाम पर द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का ऐलान कर दिया था। कांग्रेस ने जरूर यशवंत सिन्हा को समर्थन दिया लेकिन कांग्रेस के विधायकों और इकलौती सांसद ने क्रॉस वोटिंग कर दी। यह प्रदेश में पार्टी के नए प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे के लिए भी बड़ा झटका है, जिन्होंने सिन्हा को वोट दिलाने का जी-तोड़ प्रयास किया। कांग्रेस के 12 विधायकों और एक सांसद ने मुर्मू को वोट किया। जेएमएम के सभी 30 विधायकों और एक सांसद ने भी मुर्मू को वोट किया और भाजपा व उसके सहयोगियों के 12 सांसदों और 30 विधायकों ने भी मुर्मू के लिए वोट किया। इस तरह कांग्रेस के बचे हुए और लेफ्ट व राजद के कुल नौ वोट सिन्हा को मिले।

# महत्वाकांक्षा और यथार्थ के बीच तालमेल की चुनौती

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 21 जुलाई को अपनी ताकत और कमजोरी, दोनों का एक साथ प्रदर्शन किया। कोलकाता में शहीद दिवस पर जन समुद्र देखकर पार्टी के मजबूत संगठन व उसके जनाधार का पता तो चला, मगर, उपराष्ट्रपति की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को समर्थन नहीं देने के फैसले से विपक्षी खेमे में ही वह अलग-थलग पड़ती दिखीं। इस तरह, 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा रोल अदा करने के उनके सपने की भ्रूण हत्या होती दिख रही है।

पिछले साल मुंबई में वह शरद पवार से मिलीं थीं और उनके सामने ही कहा था कि यूपीए है कहां? ममता चाहती थीं कि कांग्रेस का साथ छोड़कर पवार उनके खेमे में आ जाएं। इस बार विपक्ष का राष्ट्रपति उम्मीदवार चुनने के मामले पर सबसे पहले दीदी ने पहल की, पर पवार की बुलाई बैठक में वह शामिल नहीं हुईं। उपराष्ट्रपति प्रत्याशी मार्गरेट अल्वा को वोट नहीं देने का कारण बताया कि प्रत्याशी तय करने से पहले कांग्रेस ने उनसे सलाह नहीं ली और मतदान से अलग रहने का फैसला किया। राष्ट्रीय महत्व के मसलों पर तृणमूल के कैजुअल रवैये का नमूना तब दिखा, जब आदिवासी वोटों की चिंता में ममता ने कह दिया कि अगर भाजपा पहले बताती, तो उनका गठबंधन द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने पर सोचता। सोचिए, प्रत्याशी बनने से पहले यशवंत सिन्हा तृणमूल में ही थे और उन्होंने ही उनका नाम आगे किया था।



21 जुलाई के मंच से तृणमूल ने भाग भाजपा भाग का नारा जरूर दिया, पर यह काम होगा कैसे, इसकी रणनीति का खुलासा नहीं किया। सभी वक्त । महंगाई को लेकर भी मोदी सरकार पर बरसे। चौतरफा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी सरकार की यह गलाबाजी भूत के डर से जोर-जोर से हनुमान चालीसा पढ़ने जैसी कवायद ही लगी।

21 जुलाई के मंच से तृणमूल ने भाग भाजपा भाग का नारा जरूर दिया, पर यह काम होगा कैसे, इसकी रणनीति का खुलासा नहीं किया। सभी वक्ता महंगाई को लेकर भी मोदी सरकार पर बरसे। चौतरफा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी सरकार की यह गलाबाजी भूत के डर से जोर-जोर से हनुमान चालीसा पढ़ने जैसी कवायद ही लगी। 21 जुलाई के एक दिन बाद ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग और पश्चिम बंगाल प्राइमरी एजुकेशन बोर्ड भर्ती घोटाले के संबंध में 14 जगहों पर छापेमारी की। इनमें मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के घर से 20 करोड़ नकद और 12 आईफोन बरामद किए गए। शिक्षा राज्यमंत्री परेश अधिकारी के कूचबिहार वाले घर से भी कई दस्तावेज बरामद किए गए। कई घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने पार्थ चटर्जी को शनिवार को गिरफ्तार भी कर लिया है।

विपक्ष का नेतृत्व कांग्रेस करे, यह भी ममता को मंजूर नहीं। इस तरह आज की तारीख में वह एकला चलो का रास्ता पकड़ने पर मजबूर हुई हैं। अपनी महत्वाकांक्षा और यथार्थ के बीच तालमेल रखने का काम तो आखिर उन्हें ही करना है। रैली के दौरान भारी बारिश हुई और वह भी केंद्र पर खूब बरसीं। उनके उत्तराधिकारी अभिषेक बनर्जी ने तो यहां तक कह दिया कि बंगाल को केंद्र का पैसा नहीं चाहिए, हम अपने बूते पर बंगाल का विकास करेंगे। इसके पीछे की कहानी भी रोचक है। बंगाल के भाजपा नेताओं ने पता लगाया कि मनरेगा, प्रधानमंत्री सड़क और आवास योजनाओं में कितनी धांधली हुई है।

केंद्र की टीम भी मुआयना करने आई थी और देखा कि प्रधानमंत्री सड़क या आवास योजना की जगह बांग्ला आवास या सड़क योजना लिखा हुआ है। केंद्रीय टीम इस घपले को पकड़ न ले, इसलिए राज्य के प्रखंड विकास पदाधिकारियों से झटपट बांग्ला शब्द हटाकर प्रधानमंत्री लिखने का फरमान जारी हुआ था। पर कहीं-कहीं प्रधानमंत्री शब्द फ्लैक्स पर लिखकर चिपका दिया था। केंद्रीय टीम ने यह धांधली पकड़ ली। इसकी वजह से केंद्र ने अपने हिस्से का पैसा कई महीनों से रोका हुआ है।

ममता बनर्जी

## मिला जुला

# मनरेगा मजदूर से भी मेट कम मजदूरी में करते हैं काम

मांग करने ब्लाक स्तर पर बन रहा संगठन

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

मनरेगा कार्यो के देखरेख की पूरी जिम्मेदारी निभाने वाले मेट अपने आजीविका को लेकर परेशान है वही सरकार से मजदूरी बढाने,पंचायतों में नियमित रखने और रोजगार सहायक के नियुक्ति में प्राथमिकता देने के लिये ब्लाक स्तर पर संगठन तैयार करने जुट गये हैं।





रोजगार गारन्टी कार्यो में मेट हाजरी से लेकर मस्टररोल भरने तक का काम करते हैं। पर इन्हें 204 रूपये अकुशल श्रमिक का मजदूरी मिलता है। वही ग्राम पंचायत भी समय समय पर मेट को बदलकर उसके स्थान पर अपने चहेते को कामक्षपर रख लेता है जिससे मेट का काम करने वाले युवा मजदूर बेरोजगारी का जीवन यापन करने मजबूर हो जाते है।प्रदेश भर में मनरेगा के मेट एक संगठन तैयार कर सरकार से तीन सूत्रीय मांग करेंगे। मेट संघ के दूसरे बैठक मे ब्लाकस्तरीय पदाधिकारीयो के अलावा पंचायतो के मेट गुटअध्यक्ष के उपस्थित थे।

### किन मांगों के लिये संगठन हो रहा तैयार

ब्लाक भर में लगभग साढ़े पांच सौ मेट कार्य कर रहे हैं। संघ के ब्लाक अध्यक्ष जोगेन्द्र यादव सचिव टेकराम मरकाम और उपाध्यक्ष प्रकाशचंद्र शर्मा का कहना है पांच साल मे जब चुनाव होता है तो सरपंच बदलते ही मेट भी बदल दिये जाते है वही मजदूरी भी 204 रूपये अकुशल मजदूर का मिलता है जबकि उन्हे 382 रूपये मिलना चाहिये या एक निश्चित मानदेय होनी चाहिये मनरेगा कार्यो में रोजगार सहायक के बराबर का अनुभव होता है ऐसे में जहां रोजगार सहायक की नियुक्ति हो रहा है वही मेट को प्राथमिकता देना चाहिये।

### डेढ सौ दिन का नहीं मेट को मिलता है सप्ताह भर का या 25 दिन का काम

सरकार डेढ सौ दिन का काम देने के दावे करती है पर पंचायत में जाब कार्ड धारीयो को केन्द्र और राज्य सरकार के डेढ सौ दिन का मजदूरी मिलता है पर मेट का काम करने वाले मजदूर कही सप्ताह भर तो कही 25 दिन का ही काम करते है ऐसे में उनके सामने परिवार चलाने के लिये सालभर में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### ब्लाक पर संगठन तैयार अब जिला स्तर पर होगा बैठक

**वही मेट संघ के पदाधिकारियों का कहना है जिला के सभी ब्लाक मे संगठन तैयार हो गया है अब मांगों पर रणनिति बनाने आगामी सप्ताह जिला मुख्यालय गरियाबंद में बैठक रखा गया है। जिलास्तरीय एक प्रतिनिधी मण्डल प्रदेश स्तरीय संगठन के साथ मिलकर सीएम और पंचायत मंत्री से मुलाकात कर अपनी मांग रखेंगे वही मांग पूरी नहीं होने की स्थिति पर प्रदेश नेतृत्व के निर्णय के आधार पर आंदोलन का रूपरेखा भी तैयार किया जायेगा।**

# मंकीपॉक्स

## ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित

**नई दिल्ली.** विश्वभर में मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए WHO ने ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी का ऐलान किया है। WHO ने मामले में हो रहे इजाफे को देखते हुए आम लोगों से सतर्क रहने की भी अपील की है। कुछ दिन पहले भारत के करेल में भी मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आया था. उस दौरान केंद्र सरकार द्वारा कहा गया था कि जिस शख्स में मंकीपॉक्स के लक्षण मिले थे वो कुछ दिन पहले ही यूएई की यात्रा करके लौटा था। इस मामले के ठीक बाद केरल में ही इस वायरस का दूसरा मामला भी सामने आया था। बता दें कि केरल में मंकीपॉक्स का दूसरा मरीज मिलने के बाद के केंद्र सरकार पूरी तरह से सतर्क हो गई थी. केंद्र ने एयरपोर्ट-बंदरगाहों पर कड़ी स्क्रीनिंग का दिया निर्देश दिया था।




### केरल से दो केस

**अभी** तक देश में मंकीपॉक्स के दो केस सामने आ चुके हैं और दोनों केरल से हैं. दूसरे केसे के बारे में केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि 31 वर्षीय युवक पिछले सप्ताह दुबई से केरल आया था. बीमारी के लक्षण दिखने पर उसकी जांच की गई तो वह मंकीपॉक्स पॉजिटिव मिला. मंत्री ने कहा कि कन्नूर के रहने वाले युवक का परियाराम मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा था .बता दें कि पिछले हफ्ते कोल्लम जिले से मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि होने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों की सहायता के लिए पिछले सप्ताह केरल में एक उच्च स्तरीय बहु-अनुशासनात्मक टीम भेजी थी।

## महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख का बयान- 'कलेजे पर पत्थर रखकर एकनाथ शिंदे को बनाया मुख्यमंत्री'

**मुंबई।** एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र में भाजपा और शिंदे की गठबंधन सरकार है। भले ही देवेंद्र फडणवीस ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार में काम करना कबूल लिया हो लेकिन प्रदेश भाजपा प्रमुख के गले से अभी तक यह बात नहीं उतर पाई है। चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस की जगह एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला पार्टी ने कलेजे पर पत्थर रखकर लिया था। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल शनिवार को पनवेल में राज्य भाजपा की कार्यकारिणी की



बैठक को संबोधित कर थे। उस वक्त उन्होंने यह बातें कही। चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाना निश्चित था लेकिन पार्टी को भारी मन से एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाना पड़ा। पाटिल ने हालांकि फिर सफाई देते हुए कहा कि यह फैसला सही संदेश देने के लिए लिया गया है।

देश में वायरस का चौथा मामला

## दिल्ली में मंकीपॉक्स का पहला केस, कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं

**नई दिल्ली।** मंकीपॉक्स वायरस ने राजधानी में दस्तक दे दी है। दिल?ली में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। पश्चिमी दिल?ली में रहने वाले 32 वर्षीय व्यक्ति को पॉजिटिव पाया गया है। दिल्ली में मंकीपॉक्स के मरीज की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। मंकीपॉक्स के नोडल अस्पताल, LNJP हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मरीज में बुखार और त्वचा पर घाव जैसे लक्षण दिखने पर भर्ती कराया गया था। दिल्ली वाले केस को मिलाकर भारत में मंकीपॉक्स के अब कुल चार मामले हो गए हैं।




बाकी तीनों केस केरल से हैं और तीनों विदेश से यात्रा करके लौटे थे। वहां पिछले 8 दिन के भीतर वायरस के तीन मामले मिले। तीनों विदेश से यात्रा करके लौटे थे। तीसरा केस यूएई से 6 जुलाई को मलप्पुरम लौटे 35 साल के युवक का है। उसे 13 जुलाई से बुखार है। युवक का इलाज तिरुवनंतपुरम के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। भारत में मंकीपॉक्स का पहला मरीज कोल्लम में 12 जुलाई को मिला था। संक्रमित शख्स यूएई से आया था। दूसरा केस अगले ही दिन कन्नूर में सामने आया, जहां दुबई से आए शख्स इस बीमारी से पीड़ित मिला था। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि संक्रमित युवक के संपर्क में रहे लोगों पर नजर रखी जा रही है। डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि चीजें पूरी तरह नियंत्रण में हैं।

## स्मृति ईरानी के बचाव में आईं शिवसेना सांसद, बोलीं- '18 साल की बच्ची को बदनाम न करें'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी पर गोवा में अवैध बार चलाने के आरोपों के बाद शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी सामने आई हैं। उन्होंने स्मृति की बेटी जोइश ईरानी का बचाव करते हुए कहा, 18 वर्षीय छात्रा को खलनायिका की तरह नहीं पेश किया जाना चाहिए। प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्वीट कर कहा, 18 साल के बच्चों को तो यह भी नहीं पता होता कि भारत में एक रेस्तरां चलाने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है और इसमें किस तरह की सजा हो सकती है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, एक युवा लड़की



ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए ऐसा किया हो, हो सकता है कि उससे कुछ गलती हो गई हो। लेकिन 18 साल की लड़की को तरह बदनाम नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं एक 19 साल के बच्चे की मां के रूप में यह सब बात कर रही हूं। मैं अपनी राजनीति को इससे अलग रखती हूं।

# 7 सीजी बटालियन एनसीसी का वार्षिक शिविर डॉ.सीवी रमन यूनिवर्सिटी कोटा में प्रारंभ

## शिविर का पहला सेशन 22 जुलाई से 31 जुलाई तक,दूसरा.सेशन 01.अगस्त से शुरू होगा





जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

### 600 एनसीसी कैडेट सहित सैन्य एनसीसीअधिकारी शिविर में पहुंचे

बिलासपुर जिले के प्रायवेट. विश्विद्यालय में प्रमुख रूप से शुमार डॉ.सीवी रमन. यूनिवर्सिटी .कैम्पस में 07.सीजी बटालियन का पहला सयुक्त वार्षिक शिविर 22 जुलाई से शुरू हो चुका है छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से लगभग 600 एनसीसी कैडेट शिविर में पहुंचे, भारतीय सेना के कमान्डेंट अधिकारी शिविर में एनसीसी कैडेट्स को एकता व अनुशासन का सिखाएंगे पाठ.07.सीजी एनसीसी. बटालियन.कैम्प का पहला.सेशन 22.जुलाई से 31.जुलाई तक अनवरत रूप से चलेगा। शिविर का दूसरा सेशन 01.अगस्त से शुरू होगा। 07.सीजी.बटालियन एनसीसी का पहला संयुक्त वार्षिक.शिविर 22.जुलाई 2022 से 31.जुलाई 2022 तक कोटा के डॉ.सीवी रमन.यूनिवर्सिटी में शुरू हो चुका है शिविर में लगभग 600.एनसीसी.कैडेट के अलावा 13.एनसीसी.अधिकारी एनसीसी.केयरटेकर के अलावा 02.सैन्य.अधिकारी 17.पीआई. स्टाफ शामिल हुए हैं। शिविर की शुरुआत में सुबह से ही एनसीसी.कैडेटों का आगमन हो चुका है। शिविर में पहुंच रहे कैडेट्स को रहने के लिए पूर्व से निर्धारित चिन्हित.जगहो पर सभी एनसीसी कैडेटों को आवासित किया गया। शिविर का उद्देश्य लीडरशिप व्यक्तित्व रचनात्मकता को विकसित करनारू..कैम्प.कमांडेट कर्नल सतीश कुमार गुप्ता। 07.सीजी.बटालियन.एनसीसी शिविर के उद्घाटन.उद्बोधन में शिविर के दौरान संचालित किए जाने वाले विषय के बारे में एनसीसी.कैडेट्स को विस्तृत.जानकारी देते हुए कैम्प.कमांडेट कर्नल सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सभी के अंदर लीडरशिप.व्यक्तित्व.रचनात्मकता को विकसित करने के साथ-साथ विभिन्न.प्रतियोगिताओं के जरिए मेघावी.कैडेटस को चयनित कर उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करना है। उद्बोधन के दौरान शिविर में मौजूद एनसीसी.कैडेटसो ने पूरे जोश के साथ इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

## बेमेतरा एसपी ने 10वीं सीबीएसई परीक्षा में पूरे जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाला मोहितेश साहू को रेंजर साइकिल प्रदान कर किया प्रोत्साहित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह की एक अनूठी पहल जिसके तहत थाना नवागढ़ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू के सुपुत्र मोहितेश साहू 10वीं सीबीएसई परीक्षा में पूरे जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर बेमेतरा जिले को गौरवान्वित किए हैं। उनके उत्साहवर्धन हेतु एसपी बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने बालक मोहितेश साहू को रेंजर सायकिल प्रदान कर भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं विषम परिस्थितियों में अपने नैतिक बल ऊंचा रखना, परिस्थितियों से लड़ने के लिए कई उदाहरण प्रस्तुत कर टिप्स दिये गए। इस अवसर पर थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक अजय सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू, तुलाराम देशमुख एवं अन्य थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

## संसदीय सचिव ने किया पानी टंकी के साथ ही विकास कार्यों का भूमिपूजन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




ग्राम पंचायत मरौद में पेयजल किल्लत दूर करने पानी टंकी निर्माण के साथ पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पानी टंकी के साथ ही विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। रविवार को ग्राम पंचायत मरौद में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य, पीडीएस भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण व शेड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अमर अरूण चंद्राकर, जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव, कुणाल चंद्राकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, थनवार यादव, सरपंच भेखूराम यादव, दिलीप जैन, केशव चौधरी, राधेश्याम ध्रुव, नारूद यादव, जीवन ध्रुव मौजूद थे। अपने संबोधन में संसदीय सचिव चंद्राकर ने पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि अब ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अक्सर गांव के दौरे में पहुंचने के दौरान महिलाएं पेयजल व्यवस्था की ओर ध्यानाकर्षित कराती थी। जिसे गंभीरता में लिया गया था। जल जीवन मिशन के तहत मरौदा ग्राम को जोड़ा गया।

बाद इसके यहां पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण की सौगात मिल सकी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश ग्राम पंचायतों में पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यकाल में जनता की अपेक्षा पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया है। सभी क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ विकास कराने की सोच लेकर सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में करोड़ों रूपए के विकास की सौगात दिलाई गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए कहा कि आगे भी विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास कराने कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चौतराम ध्रुव, प्रीति पटेल, डेरहीन पटेल, रामगोपाल पटेल, दुकाला बाई, हेमलाल ध्रुव, तिलक पटेल, अमरू ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, नंदू पटेल, ऐनू साहू, रामसिंग ध्रुव, पंचराम ध्रुव, हजारी ध्रुव, देवचरण निर्मलकर, घनश्याम ध्रुव, भोजराम ध्रुव, पवन साहू, ईश्वरी पटेल, टुलसिंह ध्रुव, बेदराम ध्रुव, बेदराम पटेल, नीलकंठ पटेल आदि ग्रामीणजन मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने ली क्राइम मीटिंग, अधिक से अधिक गुंडा फाइल खोले जाने के निर्देश

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह ने जिले में पदभार ग्रहण करने के पश्चात आज पहली क्राइम मीटिंग में अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं थानेदारों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जिले में प्रभावी पुलिसिंग होनी चाहिए । किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाए ए गुंडे एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि थानों में आदतन अपराधियों के विरुद्ध दर्ज मामलों की समीक्षा कर अधिक से अधिक गुंडा, निगरानी फाइल खोला जाए। साथ ही जिन बदमाशों के चाल चलन में सुधार पर परिलक्षित हो रहा हो उन्हें माफी बदमाश की सूची में शामिल करने का प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए। लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए।

क्राइम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री सु लितेश सिंह, उप पुलिस अधीक्षक यातायात शिवचरण सिंह परिहार, उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप येरेवार सहित जिले के सभी थाना, चौकी सहायता केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

## 690 लीटर चोरी का डीजल बेचते आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह भापुसे के द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा रापुसे के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी रापुसे के नेतृत्व में थाना पाली स्टॉफ द्वारा आज दिनांक 23 जुलाई 2022 को सूचना मिलने पर की बिलासपुर रोड पाली के ग्राम चेपा रानी एन एच 130 में टायर दुकान के बगल में बाउंड्रीवाल के पीछे मोहम्मद तौसीद नाम के व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से काफी मात्रा में डीजल रखकर बिक्री की जा रही है, पाली पुलिस द्वारा मौके पर दबिश देकर आरोपी तौसीद पिता मोह. अयूब उम्र 28 वर्ष निवासी केराझरिया सूर्योदय नगर पाली के कब्जे से अवैध रूप से रखे 17 जेरिकेन में भरा हुआ करीब 690 लीटर डीजल जप्त किया गया।

## एक नजर

### सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



थाना रतनपुर में जरिये मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम रैनपुर में एक व्यक्ति हाथ में चाकुनुमा हथियार लहरा रहा है। तथा लोगों को डरा धमका रहा है। कि सूचना पर थाना प्रभारी रतनपुर के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर थाना से टीम रवाना किया। मुखबीर के बताये स्थान घनश्याम दाऊ चौक रैनपुर में रेड किया जहाँ पर एक व्यक्ति हाथ में चाकू नुमा हथियार लिये लहराते लोगों को डरा धमका रहा था जिसे पुलिस घेराबंदी कर युवक से चाकू को जप्त किया नाम पता पूछने पर अपना नाम अर्जून केंवट पिता दिलीप केंवट उम्र 20 वर्ष निवासी रैनपुर थाना रतनपुर जिला बिलासपुर छग का रहने वाला बताया तथा चाकू रखने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिये बोला गया जो कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। जिसे उक्त हथियार के साथ थाना लाकर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### कोटा पुलिस नाबालिग लड़की को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराएं 27 मार्च की दरमियानी रात इसकी नाबालिग लड़की उम्र 17 साल को मध्य रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। अपहृता एवं आरोपी का लगातार पतासाजी जारी था। दौरान विवेचना साइबर सेल की मदद से लोकेशन प्रयागराज उत्तर प्रदेश में होना पाए जाने से वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशानुसार कोटा पुलिस टीम को प्रयागराज उत्तर प्रदेश रवाना किया गया। जहां लोकेशन के आधार पर अपहृता नाबालिग बालिका को थाना लाकर उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। मामले के आरोपी संजू साहू पिता विश्राम साहू उम्र 23 साल को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर लिया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी दिनेश चंद्रा, उप निरी श्यामलाल गढ़वाल, सउनि ओमकार बंजारे का विशेष योगदान रहा है।

### हड़ताल को कर्मचारियों का व्यापक समर्थन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जुलाई से अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की, प्रस्तावित हड़ताल को सफ ल, बनाने के लिए कर्मचारी नेताओं का जत्था अलग-अलग विभागों में तथा सेक्टरों में घूम-धूम कर समर्थन की अपील कर रहा है। जिसे कर्मचारियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पिथौरा के सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल की सफलता का दावा किया है। फेडरेशन के अध्यक्ष उमेश दीक्षित के नेतृत्व में सहयोगी कर्मचारी संगठनों के नेताओं रोहिणी देवांगन, पुनीत सिन्हा, तुलसी पटेल, आरके अवस्थी, चन्दर साहू, लेखराम साहू, अंतर्यामी प्रधान, विक्रम वर्मा, डोलामणी साहू, छबिराम पटेल और लोकनाथ पटेल ने नगर के सरकारी दफ्तरों में घूम-घूम कर अधिकारी कर्मचारियों से हड़ताल में रहने की अपील की,ततपश्चात कर्मचारी नेताओं ने हड़ताल के लिए समर्थन मांगने ग्राम सांकरा, पिरदा और भुरकोनी में कर्मचारियों की बैठक आहूत की सभी स्थानों में आंदोलन का समर्थन किया, एवं बात नहीं बनने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए तैयार रहने का आव्हान किया।

## ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाले रायपुर पुलिस के जवान नीलाम्बर सिन्हा को संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



अखिल भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय समन्वयक, सूर्य प्रकाश उपाध्याय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के रायपुर पुलिस के द्वारा ईमानदारी की मिशाल पेश कर पूरे देश में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले राजधानी रायपुर के पुलिसकर्मी नीलाम्बर सिन्हा को संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने सम्मानित किया।

बता दे कि बीते दिन राजधानी रायपुर के माना एयरपोर्ट के पास 45 लाख रुपये से भरे हुए एक लावारिस बैग वहां ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी नीलाम्बर सिन्हा को मिलने की खबर मिली थी। यदि वह पुलिसकर्मी चाहता तो इसकी जानकारी किसी को भी दिए बगैर वह उस धनराशि का उपयोग कर सकता था। लेकिन ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए नीलाम्बर सिन्हा ने तत्काल अपने शीर्ष अधिकारियों को इसकी सूचना दी और पैसों से भरे उस बैग को सुपुर्द कर दिया। विकास उपाध्याय आज उस ईमानदार पुलिसकर्मी का स्वागत करने स्वयं उसके कार्यक्षेत्र पहुंचे जहां नीलाम्बर सिन्हा को माला पहना और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और सुबह का नाश्ता साथ में किया। विकास उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों में अपने मातृभूमि और कार्य के प्रति ईमानदारी,निष्ठा और समर्पण का भाव सदैव रहा हैं और यही भाव हम छत्तीसगढ़ियों की पहचान रही हैं। नीलाम्बर सिन्हा के द्वारा दिये गए इस ईमानदारी के परिचय से आज पूरे छत्तीसगढ़ का नाम देश में रोशन हो रहा हैं। साथ ही संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने यह भी बताया कि इस मामले को लेकर वे मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से चर्चा करेंगे और ईमानदार पुलिसकर्मी नीलाम्बर सिन्हा को प्रोत्साहन सम्मान प्रदान करने हेतु आग्रह करेंगे।

## हरेली तिहार पर गौठानों में होगी पारंपरिक कार्यक्रमों की धूम

गौठानों में गेड़ी दौड़, फुगड़ी ,भौंरा, रस्साकसी आदि की होंगी स्पर्धाएं

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





### चीला, बड़ा, सोहारी, गुलगुला भजिया जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महकेंगे गौठान

ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आजीविका के केन्द्र बने बेमेतरा जिले के गौठानों में हरेली तिहार 28 जुलाई को बड़े धूमधाम में मनाया जाएगा। राज्य शासन के मंशानुसार कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण कृषि, संस्कृति, परंपरा और आस्था से जुड़े इस हरेली त्यौहार के आयोजनों के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। हरेली त्यौहार के दिन जिले के गौठानों में 28 जुलाई को ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के मध्य गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, फु गड़ी, रस्साकशी, भौंरा, नारियल फेंक आदि की प्रतियोगिताएं तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन आदि की भी स्पर्धाएं होंगी। इसके अलावा जिल के सभी शासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूल, तथा आश्रम शालाओं व छात्रावासों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति स्थानीय कला एवं संगीत मंडलियों की सहायता से संगीतमय गेड़ी नृत्य तथा हरेली की महत्ता पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि हरेली तिहार छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे प्रमुख त्यौहारों में से एक है। यह त्यौहार छत्तीसगढ़ की ग्रामीण कृषि संस्कृति, परंपरा और आस्था से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के तीज-त्यौहार, परंपरा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने की पहल के चलते हरेली सहित अन्य तिहार जैसे पोला तीजा, छेर-छेरा पुन्नी आदि का आयोजन बीते तीन सालों से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ना हैए ताकि लोग छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला संस्कृति, तीज.त्यौहार एवं परंपराओं पर गर्व की अनुभूति कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ी तीज.त्यौहारों पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा भी इसी उद्देश्य की पूर्ति का एक हिस्सा, ताकि लोग छत्तीसगढ़ी तीज त्यौहारों के अवसर पर अपनी बढ़.चढ़कर भागीदार सुनिश्चित कर सकें। कलेक्टर शुक्ल ने जिला पंचायत सीईओ और शिक्षा विभाग, कृषि विभाग आदिमजाति विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि राज्य शासन के मंशानुसार हरेली त्यौहार का आयोजन की तैयारियों सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि हरेली के दिन गौठानों में पारंपरिक कार्यक्रम के साथ ही गौठान प्रबंधन समिति, स्व.सहायता समूह, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से विशेष आयोजन कराए। कलेक्टर ने हरेली के दिन गौठानों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण के लिए विशेष कैम्प कराने के भी निर्देश दिए। गौठानों में पशुओं को नियमित रूप से भेजने, खुले में चराई पर रोक लगाने तथा पशु रोका.छेका अभियान में सभी ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी चर्चा की जाएगी। हरेली तिहार के दिन किसानों को भी गौठानों में विशेष रूप आमंत्रित कर खेती.किसानी के संबंध में उन्हें समसमायिक सलाह देने के साथ ही उन्हें वर्मी कम्पोस्ट का खेती में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गौठानों के प्रबंधन, क्रय किए गए गोबर, उत्पादित वर्मी कंपोस्ट के रखरखाव सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की जाएगी तथा गौठानों में गोबर, वर्मी कम्पोस्ट आदि के सुरक्षित रख रखाव के लिए छायादार चबूतरा, तिरपाल आदि के प्रबंध की पहल की जाएगी। हरेली तिहार के मौके पर जनप्रतिनिधियों, गौठान प्रंबंधन समिति के सदस्यों, स्व.सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा फ लदार, छायादार पौधों विशेषकर कदम का रोपण किए जाए।

# नातिन से प्रेम का विरोध, प्रेमी ने की हत्या

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**जिले के सरायपाली थानांतर्गत ग्राम संतपाली में दोहरे हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा ली है। मामले में ग्राम के ही 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, दोनों आरोपियों से मृतक के घर से लिये गये नगद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल बरामद किया गया।**



हत्या का कारण दंपति की नातिन से प्रेम संबंध होना है आरोपी जगमोहन पिता लेसराम श्रीवास 19 वर्ष संतपाली तथा लवकुमार उर्फ बल्लू पिता सातराम रत्नाकर 25 वर्ष सुखापाली को धारा 302, 201,34 भादवि के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। आज एसपी भोजराम पटेल ने प्रेस कांफ्रेंस में इस आशय का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि 21 जुलाई को सूचना मिली कि मृत दंपति कलप राम भोई व सादबती भोई अपने घर में मृत अवस्था में अलग-अलग खाट पर पड़े हैं घर बाहर से बंद है सूचना पर सायबर सेल व फोरेंसिक टीम घटना स्थल का वारिकी से निरीक्षण कर दोनों की मृत्यु दम घुटने से होने पर हत्या की आशंका जाहिर की थी। इस पर अज्ञात के खिलाफ धारा 302, 201 दर्ज कर जांच की जा रही थी दोहरे हत्याकांड की घटना को गंभीरता को देखते हुये एसपी ने सायबर सेल व थाना सरायपाली पुलिस टीम को आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने निर्देशित किया। सायबर सेल सरायपाली पुलिस की टीम ने डॉग स्कॉड महासमुंद के साथ मौके पर पहुंच मृतक के बारे में जानकारी एकत्र की जांच के दौरान पता चला कि 3 4 माह पूर्व मृतक के नातिन के साथ संदेही जगमोहन श्रीवास के प्रेम संबंध होने की बात पर संदेही के साथ झगड़ा विवाद व मारपीट हुआ था। जिसके आधार पर पुलिस संदेही जगमोहन श्रीवास को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की संदेही द्वारा पुलिस को मनगढंत बातें कहकर गोलमोल जवाब देने लगा। जिसे कड़ाई एवं बारिकी से पूछताछ करने पर उसने अपराध करना स्वीकार किया, आरोपी जगमोहन ने बताया कि मृतक के नतिन के साथ उसका प्रेम संबंध था। दोनों के प्रेम संबंध के बात की जानकारी दंपति को होने से वे घर आकर झगड़ा गाली गलौज किये थे तथा दोनों प्रेम संबंध की बात माता.पिता को भी बता दिया। जिससे क्षुब्ध होकर वह दोनों को अपने रास्ते हटा दिया।

### सोये हालत में दबाया गला

अपने साथी लव कुमार रत्नाकर को अपने साथ लाया व दोनों ने घटना की। रात दपंति के घर जाकर अंदर से बंद दरवाजा को व सीटकनी को खोलकर सातबती भोई को स्वयं जगमोहन श्रीवास तथा मृतक कलप राम भोई के गला को लव कुमार द्वारा दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। बाद 8 हजार रूपये रकम व खाट पर रखे एक नग मोबाइल को चोरी करना तथा घटना की जानकारी किसी को पता न चले इसलिये मृतक घर के बाहर दरवाजा, में ताला लगाकर चाबी को वापस मृतक घर में फेंकना, नकदी रकम को आपस में बंटवारा करना भी स्वीकार किया। कार्रवाई अति पुलिस,अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी पु. सरायपाली विकास पाटले, अनु अधिकारी पु, महासमुंद सुश्री कल्पना वर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी सरायपाली निरीक्षक आशीष वासनिक, सायबर सेल प्रभारी संजय सिंह राजपूत, उनि अनिल पालेश्वर, सउनि प्रकाश नंद, प्रआर.मिनेश ध्रुव आर रवि यादव, शुभम पाण्डेय, संदीप भोई, डिग्री लाल नंद, त्रीनाथ, प्रधान, हेमन्त नायक, देव कोसरिया, चन्द्रमणी यादव, विरेन्द्र साहू, योगेन्द्र दुबे, योगेन्द्र बंजारे, कमल जांगडे, दिनेश बुक, प्रआर हिमाद्री देवता, तथा थाना सरायपाली पुलिस टीम द्वारा की गई।

## एक नजर

### इंडियन रोटी बैंक का 55 वां सप्ताह सफलता पूर्वक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



इंडियन रोटी बैंक महासमुन्द का 55वां सप्ताह सफ लता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रुप से इंडियन रोटी बैंक महासमुन्द के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, नयापारा, रायपुर रोड़, जिला सहकारी अस्पताल, गुरूद्वारा व दलदली रोड़ स्थित वृद्धाश्रम व अन्य क्षेत्र के भूखे और जरुरतमंद लोगों को भोजन पैकेट के रुप मे वेज पुलाव वितरण करके कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। जिसमें मुख्य रुप से इंडियन रोटी बैंक महासमुन्द के जिला कोर्डिनेटर टिकेन्द्र निर्मलकर सोनु, विकास यादव इंडियन रोटी बैंक महासमुन्द के कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### 2 लाख का गांजा, धरे गये 2 भाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



संदिग्ध वाहनों की जांच के दौरान पदमपुर सिटी ग्राउंड के पास पुलिस ने एक बाइक से 10 किलोग्राम गांजा पकड़ा है। जिसकी कीमत दो लाख रूपये आंकी गई है। बताया गया है कि गांजा तस्करी के आरोपी दोनों सगे भाई हैं। जिन्हें पुलिस को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। थाना प्रभारी। कुमारी चन्द्राकर ने बताया कि ओड़िशा के रास्ते से गांजा की तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति ओड़िशा पदमपुर की ओर से गांजा परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने आरोपीगण अखिलेश देवांगन पिता जयचंद 23 वर्ष जांजगीर चांपा, कमलेश देवांगन पिता जयचंद 26 वर्ष जाजंगीर.चांपा निवासी से एक भूरे रंग के बैग के अंदर भरे गांजा 10 पैकेट कुल वजनी 10 किलोग्राम बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 2 लाख रूपये बताई गई है एवं एक काले रंग का बजाज प्लसर मोटर सायकल क्रं सीजी 11 एमबी 9209 कीमत 30 हजार रूपये, दो नगर कीपेड मोबाइल कीमत 1 हजार रूपये कुल जुमला 2 लाख 31 हजार रूपये जब्त कर आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 ख, 29 तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित उप नरीक्षक जितेन्द्र कुमार विजयवार, प्रधान आरक्षक कमलेश ध्रुव, आरक्षक हरिश साहू, सैनिक रोहित प्रधान का सहयोग रहा।

### भारी वर्षा के कारण खेतों से पानी की निकासी के लिए कच्ची नाली बनाकर किया जा रहा समाधान

**बालोद।** भारी वर्षा के कारण खेत में पानी भरने से किसानों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु कच्ची नाली बनाकर पानी की निकासी की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने बताया की ठेकेदार द्वारा स्केरिफिंग मैटेरियल (मलबा) पुलिया निर्माण हेतु डायवर्सन के लिए सड़क के आरडबल्यूओ मे डाला गया है, कुछ मलबा खेत में चला गया है। डायवर्सन रोड के निर्माण हेतु संबंधित किसान से सहमति ठेकेदार द्वारा ली गई है किसान को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। उन्होंने बताया कि भारी वर्षा के कारण किसानों के खेत में पानी भर गया है जिसे ठेकेदार द्वारा कच्ची नाली बनाकर लगातार खेतों से पानी निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया की निर्माणाधीन सड़क कार्य के अनुबंधानुसार उक्त स्थल पर पुलिया का प्रावधान नहीं है। किन्तु किसानों के खेतों में पानी के जमाव की निकासी के लिए स्थाई समाधान हेतु पुलिया का निर्माण अति आवश्यक है। उन्होंने बताया की इस संबंध में कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग पेंशनबाड़ा रायपुर को पत्र भेजा गया गया है जिसमे (ग्राम गुजरा) में 1200 एम एम डाई का पाईप पुलिया निर्माण हेतु चेंज ऑफस्कोप के अंतर्गत शामिल करने की अनुशंसा की गई है। स्वीकृति पश्चात् उक्त स्थल पर पाईप पुलिया का शीघ्र निर्माण किया जाएगा।

# केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में अंजली और रितिका ने किया टॉप

जोहर छत्तीसगढ़-कोरिया।




बीते दिवस केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा 12वीं एवं 10वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किये गये। केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 95.71 एवं कक्षा 10 वीं का परिणाम 92.50 रहा। विद्यालय में विज्ञान संकाय की छात्रा कुमारी अंजलि खोड़ियार ने 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 12 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तनीश जैन एवं प्रखर द्विवेदी ने 86.33 एवं 85.17 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से द्वितीय तथा 82.83 प्रतिशत अंको से संतोष भगत ने तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। वाणिज्य संकाय में छात्र आयुष कुमार सिंह ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 82.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तनिष्क कुमार ने द्वितीय एवं आयुष कुमार बसंतिया ने 78.17 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10 वीं में छात्रा रितिका केशरी ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आशु जायसवाल ने द्वितीय एवं भास्कर ने 90.6 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के परीक्षा परिणामों पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार ने समस्त शिक्षको को साधुवाद देते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ठ परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य कामना की है।

# महिला को मिली अंतरिम राहत,सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई तक थाना उपस्थित होने का दिया आदेश

मृतक के साथ पत्नी एवं अन्य को भी आरोपी बनाया था पुलिस ने

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



आखिरकर सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को अंतरिम राहत प्रदान कर दिया है। दरसल आपको बता दे बिलासपुर निवासी आकांक्षा पांडेय की शादी रायपुर निवासी भूपेंद्र पांडेय से हुई थी ण्भूपेंद्र पेशे से व्यापारी एवं पोस्ट आफिस का एजेंट था। उसके बाद 4 अप्रैल 2021 को भूपेन्द्र की मृत्यु हो गयी। इसके बाद पोस्ट आफिस में पैसा जमा करने वाले उपभोक्ता प्रदीप शर्मा एवं अन्य जो उनके रिश्तेदार भी है। उन्होंने रायपुर के सरस्वती नगर थाना में 5 जुलाई 2021 को धारा 420 का जुर्म दर्ज करा दिया। मामले में पुलिस ने मृतक के अलावा पत्नी आकांशा पांडेय एवं अन्य को भी आरोपी बना दिया। इसके बाद आरोपी ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई। लेकिन जमानत निरस्त हो गया। तब आरोपी ने अधिवक्ता रविंद्र शर्मा के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट की शरण ली। सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे,समीर श्रीवास्तव, आकाश अग्रवाल विधि ठाकेर ने पैरवी की और आरोपी को जमानत दिलाई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम राहत प्रदान करते हुए आदेश दिया है की अगली सुनवाई 18 अगस्त 2022 को होगी तब तक आरोपी को सम्बंधित थाना जाकर उपास्थित होना है। इसके लिए कोर्ट ने समय भी निर्धारित किया है। 10 बजे से 1 बजे के बीच थाना में उपस्थित होने का आदेश जारी किया है।

# 690 लीटर चोरी का डीजल बेचते आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह भापुसे के द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा रापुसे के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी रापुसे के नेतृत्व में थाना पाली स्टॉफद्वारा आज दिनांक 23 जुलाई 2022 को सूचना मिलने पर की बिलासपुर रोड पाली के ग्राम चेपा रानी एन एच 130 में टायर दुकान के बगल में बाउंड्रीवाल के पीछे मोहम्मद तौसीद नाम के व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से काफी मात्रा में डीजल रखकर बिक्री की जा रही है, पाली पुलिस द्वारा मौके पर दबिश देकर आरोपी तौसीद पिता मोह. अयूब उम्र 28 वर्ष निवासी केराझरिया सूर्योदय नगर पाली के कब्जे से अवैध रूप से रखे 17 जेरिकेन में भरा हुआ करीब 690 लीटर डीजल जप्त किया गया। आरोपी से डीजल रखने और बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात चाहा गया जो आरोपी द्वारा बिक्री करने संबंधी कोई वैध कागजात पेश नही किया गया। चोरी का डीजल होने की शंका पर इस्तगासा क्र 09/2022 धारा 41-1,4 जाफौ 379 भादवि की कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# प्रेस क्लब की कार्यकारिणी बैठक में हुआ पुनर्गठन

पत्रकार भवन के नाम पर कतिपय संगठन ने की अवैध वसूली के मामले पर चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



**कोरिया पत्रकारगण हुए शामिल, आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तय**

प्रेस क्लब कोरिया की की आवश्यक बैठक शनिवार को सर्किट हाउस बैकुंठपुर में आयोजित की गई। जिसमें प्रेस क्लब कार्यकारिणी का पुनर्गठन कर अन्य आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रेस क्लब कोरिया अध्यक्ष कमलेश शर्मा के निर्देशन में समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने प्रेस क्लब के हित व विस्तार हेतु अपने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही कार्यशैली एवं आगामी कार्यक्रम हेतु अपने सुझाव दिए वहीं आगे की कार्ययोजना एवं रणनीति बनाई गई। जिसमें आगामी दिनों में प्रेस क्लब कोरिया के तत्वाधान में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि कतिपय नए पत्रकार संगठन द्वारा पत्रकार भवन भूमि आबंटन के नाम राशि जमा करने हेतु जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों से अवैध वसूली की जा रही है। जिससे जिले में स्वच्छ छवि वाले पत्रकारों व प्रेस क्लब कोरिया की छवि धूमिल हो रही है। जिस पर अंकुश लगाना जरूरी है। प्रेस क्लब इसकी निंदा करता है। निंदा प्रस्ताव के बाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने इस सम्बंध में अपने अपने सुझाव दिए। जिस पर शीघ्र अमल करते हुए इस मामले को संज्ञान को लेकर कलेक्टर कोरिया व पुलिस अधीक्षक से भी मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य व पत्रकार अजीत पाटकर को सर्वसम्मति से महासचिव का दायित्व सौंपा गया। साथ ही प्रेस क्लब के नए सदस्य डीसी बघेल व हरिओम पांडेय व अन्य सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। उक्त बैठक में प्रेस क्लब के संयोजक विनोद शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष कमलेश शर्मा, महासचिव एस के रूप अजीत पाटकर, उपाध्यक्ष यशवंत राजवाड़े द्रोणाचार्य दुबे, कृष्ण विभूति तिवारी, कोषाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, सचिव मनोज सिंह, सहसचिव कमरून निशा, अनूप बड़ेरिया,महेश प्रसाद, अविनाश चंद्र, कृष्णासिंह बाबा, फ ारुख ढेबर, कमालुद्दीन अंसारी, सुरेश मिनोचा, विवेकानंद पांडेय, नरेश यादव, सत्येंद्र सोनी, प्रदीप पटवा, दामोदर सिंह, रविन्द्र सोनी, अजय रजक सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# इंदामरा पंचायत में विकास पर लगा ग्रहण



जोहार छत्तीसगढ़-रानंदगांव।

सुकुल दैहान सेक्टर ग्राम इंदामरा गौठान पर पशुओं के ठहरने के स्थान पर बहुत ज्यादा दलदल हो गया है। जिससे सुबह जो मवेशियों को गौठान में छोड़ते हैं तो वह मवेशी दलदल के कारण सड़क पर आ जाती है जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहुजन समाज पार्टी के नेता परमानंद वर्मा ने कहा कि इस समस्या का अगर एक सप्ताह के अंदर समाधान नहीं होता है तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के सरपंच एवं शासन प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि कई बार इस समस्या के समाधान के लिए सरपंच को अवगत कराया जा चुका है। फि र भी इस दिशा में सरपंच द्वारा कोई विचार नहीं किया जा रहा है। ऐसे में बहुजन समाज पार्टी के नेता अपने युवा साथियों के साथ ढोल नंगाड़ा बजाकर शासन और प्रशासन को जगाएंगे। वार्ड नं. 9 एवं 10 में ठेला के पीछे नाली का निर्माण नहीं होने के कारण इस वार्ड में पानी भर जाता है। जिससे वार्डवासियों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरपंच को इस ओर तत्काल ध्यान देना चाहिए।

# भ्रष्टाचारियों का पैसे दारू काम नहीं आता, जीत हमेशा नैतकवादी और समर्पित किसानों की होगी- अश्वंत तुषार साहू

150 दिन की लम्बी अवधि की लड़ाई में धीरज और अनुशासन का अत्र ही काम आता है

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



हाईवे में स्थित खैरझिटी, कौंवाझर, मालिडीह के कृषि भूमि, वन भूमि,गरीबों का काबिल कास्त भूमि, आदिवासी भूमि में गैर कानूनी ढंग से करणी कृपा स्टील एवं पावर प्लांट लगने के विरोध में विगत 25 फरवरी 2022 से किसानों द्वारा छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सत्याग्रह चल रहा है।आज अखड सत्याग्रह के 150 वें दिन 30 किसान,जवान और महिलाओं ने भाग लिया। आज अखण्ड सत्याग्रह सभा को सम्बोधित करते हुए किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने कहा कि अनुशासित एवं संगठित किसानों ने भ्रष्ट पूंजीपति और भ्रष्ट नौकरशाहों तथा जनप्रतिनिधियों को किसान मोर्चा ने सबक सीखा दिया कि भ्रर्ष्टाचार की कमाई और दलालों की षडयंत्रकारी नीति ईमानदार किसानों के सामने टिक नहीं सकता। भ्रष्टाचारियों के पैसे दारू काम नहीं आता, जीत हमेशा नैतकवादी और समर्पित किसानों का ही होगी। लम्बी अवधि की लड़ाई में धीरज और अनुशासन का अश्त्र ही काम आता है जो किसान मोर्चा ने सिखाया है। आज भारत देश के महान शूरवीरता की प्रतीक रानी दुर्गावती उन्होंने जिस प्रकार से शेरशाह सूरी की बड़ी सेना सहित सम्राट को मौत के घाट उतार कर भारत वर्ष में इतिहास रचकर अमर सेनानी हो गई। उसी तरह से किसान आंदोलन के माध्यम से जीत हासिल कर इतिहास रचा जायेगा।

जिस प्रकार से सम्राट शेरशाह ने रानी दुर्गावती के किला पर कब्जा करने के बाद भी अंतिम समय में महा वीरांगना रानी दुर्गावती एवं पांच सहेलियों ने मिलकर आग के गोले बरसा कर शेरशाह सूरी सहित उनके फौज को मौत के घाट उतारने में सफ ल रहीं।उसी प्रकार से भ्रष्ट उद्योगपति द्वारा काबिल कास्त भूमि,आदिवासी भूमि,चारागाह वन भूमि पर गैर कानूनी ढंग से काबिल हो गया है लेकिन अंत में किसान भाइयों की जीत होगी।

## रणवीर सिंह के फोटोशूट पर अर्जुन कपूर का रिएक्शन

# बोले- कुछ तो लोग कहेंगे, उनका काम है कहना



**अर्जुन** कपूर ने हाल ही में रणवीर सिंह के लेटेस्ट फोटोशूट पर रिएक्ट किया है। एक इंटरव्यू में अर्जुन से रणवीर के फोटोशूट को लेकर ट्रोल करने पर सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में एक्टर ने कहा कि रणवीर का सोशल मीडिया और उनकी मर्जी, उन्हें जो सही लगता है वो करेंगे। साथ ही एक्टर ने कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। इसलिए रणवीर को ट्रोल्स की तरफ ध्यान ही नहीं देना चाहिए। अर्जुन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म एक विलेन रिटर्न काल प्रमोशन कर रहे हैं।

### रणवीर दिखावा नहीं करते- अर्जुन

अर्जुन ने कहा, 卐आप जैसे हो वैसे दिखाने की अनुमति होनी चाहिए। रणवीर भी बिल्कुल ऐसे ही हैं। मुझे नहीं लगता कि वो कभी भी किसी चीज को दिखावे के लिए करते हैं। आप उन्हें 10-12 साल से देख रहे हैं, उनमें कोई दिखावा नहीं है। जब भी वह आते हैं माहौल में गरमाहट सी छा जाती है। उनमें अलग तरह की एनर्जी है और सब एंजॉय करते हैं। उन्हें इस वक्त ये फोटोशूट करवाना अच्छा लगा, इसलिए उन्होंने करवाया। ये उनकी मर्जी है और उनका सोशल मीडिया है।

### ट्रोल्स की तरफ ध्यान नहीं देना चाहिए

अर्जुन ने बातचीत में आगे कहा, 'वह अपनी स्किन में कंफर्टेबल हैं और वही करते हैं जो वो करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि हमें उनकी चॉइस का सम्मान करना चाहिए। अपनी लाइफ में ट्रोल्स को इम्पोर्टेंस देनी ही नहीं चाहिए, क्योंकि कुछ तो लोग कहेंगे, उनका काम है कहना। आपको जो सही लगता है, वहीं करना चाहिए।'

## दीपेश भान की मौत से शॉक में को-स्टार्स

# आसिफ शेख बोले- वो एकदम फिट थे, 10 दिन पहले ही कराया था हेल्थ चेकअप

**'भाभी** जी घर पर हैं' के एक्टर दीपेश भान के निधन से उनके को-स्टार्स समेत इंडस्ट्री के सभी लोगों को बड़ा झटका लगा है। एक इंटरव्यू में को-स्टार आसिफ शेख से सवाल किया गया कि क्या उन्होंने कभी कोई हेल्थ से जुड़ी शिकायत की हो? इस पर आसिफ ने बताया कि वो एक दम फिट थे और कभी शराब या सिगरेट नहीं पीते थे। आसिफ ने कहा कि 10 दिन पहले ही दीपेश ने अपना फुल बॉडी चेकअप भी करवाया था। आसिफ ने ईटाइम्स के साथ बातचीत करते हुए बताया, दीपेश काफी रनिंग, जिमिंग और फिटनेस एक्टिविटी किया करते थे। उन्होंने कभी शराब, सिगरेट और ऐसी किसी चीज का सेवन नहीं किया। वह काफी क्लीन बॉय थे। अब भी हम सभी लोग शॉक में हैं कि उनके साथ ऐसा कैसे हो सकता है।

### दीपेश को कोई बीमारी नहीं थी

आसिफ ने कहा, 'वो एकदम फिट थे। अगर कोई परेशानी या बीमारी होती तो समझ भी आता, लेकिन उन्हें कोई इश्यू नहीं था। मुझे उनके साथ काम करते हुए साढ़े सात साल हो गए हैं और इस पूरे वक्त में मैंने उन्हें कभी बीमार नहीं देखा। यह हम सबके लिए बहुत शॉकिंग हैं।'



### 10 दिन पहले कराया था हेल्थ चेकअप

आसिफ ने आगे बताया, 'दीपेश ने 10 दिन पहले ही फुल बॉडी हेल्थ चेकअप करवाया था। उन्होंने मुझे बताया था कि उन्हें कोलेस्ट्रोल वगैरह कुछ नहीं है। लेकिन उनका ब्लड प्रेशर थोड़ा कम रहता है। मैंने उसे बोला था कि अगर कम है तो दिक्कत की कोई बात नहीं है। उनकी अभी तीन साल पहले ही शादी हुई थी। पता नहीं उनकी वाइफ किस स्टेज से गुजर रही होगी। उनका बेटा अभी 18 महीने का है, उन्हें देखकर तो मेरा दिल फटा जा रहा है।'

### 2015 में किया था शो जॉइन

दीपेश भान की 41 साल की उम्र में 23 जुलाई को ब्रेम हेमरेज की वजह से मौत हो गई। वो सुबह ग्राउंड पर क्रिकेट खेलने गए थे और अचानक से बेहोश होकर गिर पड़े थे। जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां दीपेश को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। दीपेश 'भाभी जी घर पर हैं' में मलखान सिंह के रोल में थे।

## अरमान मलिक के बर्थडे बैश में पहुंचे इब्राहिम अली, सिंगर ने इब्राहिम को बताया 'अपकमिंग हीरो'

**इब्राहिम** अली खान किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। अब हाल ही में इब्राहिम अपने फ्रेंड और सिंगर अरमान मलिक की बर्थडे पार्टी में पहुंचे। दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में बर्थडे बॉय अरमान, इब्राहिम को अंदर पार्टी में ले जाते हुए दिख रहे हैं। वहां मौजूद पैपराजी ने इब्राहिम से कैमरे के लिए अकेले पोज देने के लिए कहा। तभी अरमान ने कहा, %अपकमिंग हीरो।% इस पर इब्राहिम मुस्कुराते नजर आए। जिसके बाद वो अरमान के साथ अंदर चले गए। इब्राहिम जल्द ही अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगे। वो फिलहाल करण जौहर की फिल्म %रॉकी और रानी की प्रेम कहानी% में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम कर रहे हैं।



## नेशनल अवॉर्ड विनर एक्ट्रेस की सड़क पर पिटाई, पति से अफेयर के शक में पत्नी ने गुंडो के साथ किया हमला, एक्ट्रेस ऑटो से भागीं

**उड़िया** एक्ट्रेस प्रकृति मिश्रा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनके को-एक्टर बाबुशन मोहंती की पत्नी उन्हें मारती हुई नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो में प्रकृति को उनकी कार में एक महिला पकड़ते हुए नजर आ रही है। आसपास से निकल रहे लोग वीडियो बनाते भी दिख रहे हैं और प्रकृति मदद के लिए गुहार लगा रही हैं। जैसे-तैसे वो कार से बाहर आती हैं। इसके बाद कार में वो महिला उनका पीछा करने लगती है। उससे बचने के लिए वो ऑटो में बैठ जाती हैं।



### प्रकृति ने अपने स्टेटमेंट में क्या कहा?

प्रकृति ने लिखा, %हर कहानी के दो साइड होते हैं। दुर्भाग्यवश हम ऐसी सोसायटी में रहते हैं, जहां महिला को बिना सुने ही ब्लेम कर दिया जाता है। मैं और मेरे को-स्टार बाबुशन उत्कल एसोसिएशन के इवेंट में शामिल होने चेन्नई जा रहे थे। तभी बाबुशनकी वाइफ अपने साथ कुछ गुंडों को लेकर आईं और मेरे ऊपर हमला कर दिया। बाबुशनकी वाइफ का इस तरह का बिहेवियर मुझे बर्दाश्त नहीं है।'

### प्रकृति ने वुमन इम्पॉवरमेंट पर की बात

प्रकृति ने वुमन इम्पॉवरमेंट पर भी पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'वुमन इम्पॉवरमेंट के लिए काम करना इस सोसायटी में प्रताड़ना को फेस करना है। मुझे लगता है कि मैंने अभी मेरा काम नहीं किया है। मुझे महिलाओं को सशक्त करने के लिए और ज्यादा काम करने की जरूरत है।'

### बाबुशन ने वीडियो शेयर कर बताई सच्चाई

कलिंगा टीवी पर बाबुशन ने वीडियो के बारे में बात करते हुए कहा, 'अभी सभी ने वायरल वीडियो को देखकर एंजॉय किया होगा। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि उत्कल दिवस सेलिब्रेशन के इवेंट में पार्टिसिपेट करने में चेन्नई गया था, जहां प्रकृति को भी इनवाइट किया गया था। मैं वहां अपनी फिल्म को प्रमोट करने गया था, जिसमें मेरे अपोजिट में प्रकृति हैं और हम नई फिल्म भी अनाउंस करने जा रहे हैं।'

### फैमिली के लिए एक्ट्रेस के साथ काम नहीं करूंगा

बाबुशन ने आगे कहा, 'मुझे नहीं पता था कि मेरी फैमिली ये सब सोच रही है। अगर मेरे परिवार को इससे दिक्कत है, तो मैं उनके साथ वो फिल्म नहीं करूंगा।

## खेल

# वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज को सिल्वर- ये मुकाम हासिल करने वाले पहले भारतीय

**यूजीन.** भारत के जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने अमेरिका के यूजीन में 18वीं वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। उन्होंने 88.13 मीटर भाला फेंक कर यह मेडल हासिल किया। गोल्ड ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने जीता उन्होंने 90.46 मीटर भाला फेंका। इसी इवेंट में भारत के रोहित यादव भी थे। वे 78.72 मीटर भाला फेंककर 10वीं पोजिशन पर रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

नीरज चोपड़ा द्वारा इतिहास रचने के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, %हमारे सबसे प्रतिष्ठित एथलीटों में से एक नीरज द्वारा एक और बड़ी उपलब्धि के लिए उनको बहुत बधाई। यह भारतीय खेलों के लिए एक विशेष क्षण है। नीरज को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।%

**फाइनल में नीरज की परफॉर्मेंस...**

| | |
|---|---|
| पहला थ्रो | फाउल |
| दूसरा थ्रो | 82.39 मीटर |
| तीसरा थ्रो | 86.37 मीटर |
| चौथा थ्रो | 88.13 मीटर |
| पांचवां थ्रो | फाउल |



नीरज चोपड़ा ने चौथी कोशिश में 88.13 मीटर लंबा थ्रो किया। वहीं, ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने अपने आखिरी थ्रो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 90.54 मीटर दूर भाला फेंका। चेक रिपब्लिक के जैकब वादले कांस्य पदक के साथ तीसरे नंबर पर रहे। उन्होंने अपना बेस्ट थ्रो 88.09 मीटर दूर भाला फेंका। वहीं, इस प्रतिस्पर्धा में पाकिस्तान के अरशद नदीम भी शामिल थे। वो पांचवे स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 86.16 मीटर का था। 39 साल से चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का गोल्ड जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाया। उसे सिल्वर से संतोष करना पड़ा। 19 साल बाद देश को इस चैंपियनशिप में कोई मेडल मिला है। नीरज से पहले अंजू बॉबी जार्ज ने लॉन्ग जंप में 2003 में ब्रॉन्ज जीता था। नीरज इस चैंपियनशिप में सिल्वर जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। साथ ही वे पहले भारतीय पुरुष एथलीट हैं, जिन्होंने इस चैंपियनशिप में कोई मेडल जीता है। नीरज ने पिछले साल ओलिंपिक में 120 सालों का सूखा खत्म किया था और भारत के लिए ट्रैक एंड फील्ड में गोल्ड मेडल लाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार 1983 में किया गया था।

क्वालिफायर इवेंट में नीरज ने पहले ही थ्रो में 88.39 मीटर स्कोर करते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। क्वालिफिकेशन ग्रुप ए में वह पहले और ओवर-ऑल दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल में उनका प्रदर्शन क्वालिफायर जैसा नहीं था। फाइनल में उनका बेस्ट 88.13 मीटर रहा। जेवलिन थ्रो इवेंट में एक अन्य भारतीय रोहित यादव दसवें स्थान पर रहे। रोहित ने 78.72 मीटर का भाला फेंका था।

पिछली बार चोट के कारण नहीं खेल सके थे नीरज

24 साल के भारतीय स्टार पिछले सीजन में कोहनी की सर्जरी के कारण नहीं उतरे थे। साथ ही 2017 के सीजन में वे फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके थे। उन्होंने 82.26 मीटर का स्कोर किया था।

## बेटी को ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनाने पिता ने बनवाया टेनिस-कोर्ट



**अहमदाबाद.** अभिनव बिंद्रा के पिता ने उन्हें चैंपियन बनाने के लिए घर में शूटिंग रेंज बनवा दी थी। उन्होंने अभिनव को ओलिंपिक गोल्ड जिताने के लिए उनकी तैयारियों में 2 करोड़ रुपए खर्च कर दिए थे। बेटी को चैंपियन बनाने की ललक दिखाई है अहमदाबाद के गौरव जुमानी ने। एक शोरूम के मालिक जुमानी ने अपनी बेटी हनी को चैंपियन बनाने के लिए करीब 15 लाख रुपए खर्च कर टेनिस कोर्ट बनवाया है। वे उसे स्पेशल कोच से ट्रेनिंग भी करा रहे हैं। गौरव अपनी बेटी को सबसे छोटी उम्र की ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनाना चाहते हैं।

### 3 इंटरनेशनल मेडल जीत चुकी हैं हनी

11 साल की हनी अब तक 3 इंटरनेशनल मेडल जीत चुकी है। उसके नाम राज्य स्तर पर 27 और राष्ट्रीय स्तर पर एक मेडल भी हैं। गौरव ने कहा, 'जब बेटी 2 साल की थी, तब मैंने उसे खेलों में आगे ले जाने का फैसला किया।बेटी के टेनिस में आगे बढ़ने का अच्छा मौका था।% इस खेल में भारत में ग्रैंड स्लैम तक पहुंचने वाले बहुत कम खिलाड़ी हैं, मैं अपनी बेटी को खिताब जीतने के साथ-साथ उसे वहां पहुंचाने के लिए प्रेरित करना चाहता हूं। मैंने 5 साल की उम्र में अपनी बेटी के लिए एक एकेडमी की तलाश शुरू कर दी थी। जब वह 6 साल की हुई, तो एक टेनिस कोच ने उसे ट्रेनिंग देना शुरू किया, जिनसे उसने 3 साल तक ट्रेनिंग ली। लॉकडाउन के बाद उसने ट्रेनिंग फिर से शुरू की और प्रतियोगिताओं में जीतना शुरू कर दिया।'

### कोच की सलाह पर बनवाया कोर्ट

एक कोच ने गौरव को सलाह दी कि वे अपना खुद का कोर्ट तैयार करें और अपनी बेटी को एक निजी कोच से प्रशिक्षित करें। इसके चलते गौरव 15 लाख की लागत से कोर्ट तैयार कराया। इसके बाद हनी ने कतर एशियन टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। यह हनी का पहला इंटरनेशनल इवेंट था, जिसमें वे सिंगल्स-डबल्स दोनों के सेमीफाइनल में पहुंच गई थी। कतर में एक अन्य टूर्नामेंट में डबल्स चैंपियन बनी। जॉर्डन में सिंगल्स के फाइनल में रनरअप और डबल्स में विजेता बनी। गौरव ने कहा, 'मैं बेटी को नंबर-1 बनाना चाहता हूं। इसके लिए उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर खेलते रहने के लिए करीब 2 करोड़ रु. से ज्यादा की जरूरत है।' गौरव कहते हैं, 'हनी की फिटनेस को बनाए रखने के लिए हम उन्हें 90-90 सेकंड के छोटे ब्रेक के साथ 3 घंटे तक लगातार अभ्यास करवाते हैं।

## विराट कोहली को लेकर भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान ने कहा- वह खुद जानते हैं कि उन्हें क्या चाहिए

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने शनिवार को कहा कि उन्हें यकीन है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली रनों के बीच वापसी के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं और यह बस कुछ समय की बात है जब वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापसी करेंगे। उनका कहना है कि विराट ने जो स्टैंडर्ड सेट किए हैं, उन पर वे फिर से खरे उतरने वाले हैं, जो समय जा रहा है बस जा रहा है।

एएनआई को दिए इंटरव्यू में अंजुम चोपड़ा ने कहा, 卐विराट कोहली खुद जानते हैं कि उन्हें क्या चाहिए। जब आप अपने स्टैंडर्ड के अनुसार स्कोर नहीं करते हैं, तो आप अधिक अभ्यास करते हैं। मुझे



यकीन है कि वह अभ्यास कर रहे हैं, कर रहे हैं और फॉर्म में वापस आने के लिए सब कुछ करते रहेंगे। जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट चल रहा है, अभ्यास ही एकमात्र रास्ता है। एक खिलाड़ी केवल प्रयास कर सकता है। अंजुम ने आगे कहा, उनके जैसा खिलाड़ी खराब दौर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा होगा, लेकिन कई बार चीजें आपके हिसाब से नहीं होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में उनका जिस तरह का सम्मान और फोकस मैदान पर रहा है, इससे निश्चित है कि यह लीन पैच कभी न कभी तो जरूर समाप्त होगा।

## भारत-विंडीज के बीच आज दूसरा वनडे मैच, डेब्यू कर सकता है यह स्टार प्लेयर

**भारत** और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आज (24 जुलाई) दूसरा मुकाबला है. शिखर धवन की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने पहले वनडे में तीन रन से रोमांचक जीत हासिल की थी. ऐसे में पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल मे होने वाले दूसरे मैच को जीतकर भारतीय टीम सीरीज पर कब्जा करना चाहेगी. वैसे भी भारतीय टीम ने 2006 के बाद से विंडीज के खिलाफ एक भी वनडे सीरीज नहीं गंवाई है.

### धवन-श्रेयस-गिल फॉर्म में

पहले वनडे मुकाबले में शिखर धवन और शुभमन गिल ने शतकीय साझेदारी करके भारतीय टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी. धवन महज तीन रनो के फासले से अपना



शतक नहीं बना पाए थे. वहीं शुभमन गिल ने रन-आउट होने से पहले 64 रनों की धमाकेदारी पारी खेली थी. तीसरे क्रम पर बैटिंग करने उतरे श्रेयस ने भी 54 रन बनाकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिए थे. इन तीनों ही खिलाड़ियों से दूसरे वनडे में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी.

# चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर पर उनकी ही पत्नी डॉ.पलक जयसवाल ने पुलिस को दी शिकायत





**बिलासपुर** । बिलासपुर शहर चौकसे कॉलेज के डायरेक्टर खिलाफ उनकी पत्नी ने मारपीट का मामला सकरी थाने में दर्ज करवाया है। शादी के बाद से ही पति पर दूसरी औरत से अफेयर को लेकर उनके बीच कई बार झगड़े हो चुके है। कई बार समझाने के बाद भी पति के द्वारा पत्नी को प्रताड़ित किया जा रहा था। परेशान हो कर आज थाने में शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति के खिलाफ धारा भादवि 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया कर लिया है।

शहर के चर्चित इंजीनियर कॉलेज के संचालक आशीष जायसवाल का कॉलेज की पूर्व स्टाफ एक युवती के साथ अफेयर पिछले कुछ समय से चल रहा है। सकरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामा लाईफ सिटी निवासी आशीष जायसवाल की पत्नी पलक जायसवाल ने अपने पति की राजकिशोर नगर निवासी एक युवती जिससे उसका प्रेम संबंध है उसके साथ आए दिन मिलनाजुलाना उसे घर लेकर आने की बात कही है।

## पहले भी हुआ था विवाद

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आशीष जायसवाल शादी के बाद से ही छोटी छोटी बातों पर उसे गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता रहता है, अप्रैल महीने की एक रात पति एक

## मामला दर्ज पुलिस कर रही जांच

युवती को घर लेकर आया जब पत्नी ने इस बात का विरोध किया तो आशीष जायसवाल ने उसके साथ जमकर मारपीट की,चाकू दिखा डराया धमकाया और उसके भाई देवेंद्र जालोदिया पर भी कांच से हमला कर उसे भी चोट पहुचाया था।

पलक जायसवाल ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद ऐसा सिलसिला चलता ही रहा। समाज में बदनामी के डर से वो काफी वक्त से चुप रही और प्रताड़ित होती रही।

पलक जायसवाल ने अपनी शिकायत में कहा ही कि शनिवार को वो घर से बाहर गई थी। घर पर पति के अलावा कोई नही था वापस आने पर देखी की मेरे पति आशीष जायसवाल उसी युवती के साथ घर में बैठा हुआ था। पत्नी ने जब इसका कारण पूछा कि ये यहां क्या कर रही है तो आशीष ने मेरे साथ बहुत बुरी तरह से मारपीट की और कहा कि ये मेरी पर्सनल लाइफ है मैं कुछ भी कर तुम कौन होती हो, पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मारपीट से डर कर किसी तरह अपनीजान बचाकर पुलिस कर पुलिस के पास आई हूं। पुलिस ने शिकायत के बाद जब आशीष को पकड़ने घर गयी तो वहां उसे वह युवती मिल गयी जिसके बाद उसे थाने ला कर पूछताछ की जा रही है।

# भाई और दोस्तों के साथ मिलकर बाइक चोरी करने वाले तीन पकड़ाए

### भीड़ भाड़ इलाकों से करते थे चोरी



**बिलासपुर** युवक ने सगे भाई और दोस्त के साथ मिलकर गिरोह बनाया। इसके बाद जिले के अलग अलग क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी करने लगे। चोरी की बाइक को अपने दोस्तों के पास औने पौने दाम में बेचने लगे। क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन चोर समेत पांच खरीदार को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से 11 मोटर साइकिल जब्त की गई है। सिविल लाइन पुलिस ने आरोपितों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पिछले कुछ माह से जिले के अलग अलग थाने क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी हो रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर ने पकड़ने के निर्देश दिए थे। एसीसीयू प्रभारी हरविन्दर सिंह के मार्गदर्शन में टीम द्वारा मोटर साइकिल चोरी के संदेहियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम टंगनिया थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर निवासी धीरेन्द्र टंडन पूर्व में मोटर सायकल चोरी के प्रकरण में अभियोजित किया जा चुका है। जिसके द्वारा बिलासपुर शहर में लगातार मोटर साइकिल चोरी कर सीपत क्षेत्र के लोगों के पास बिक्री की है। संदेह पर संदेही धीरेन्द्र टंडन को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की गई।

जिसके द्वारा विगत छह माह से लगातार सक्रिय रूप से अपने भाई वीरेन्द्र टंडन व दोस्त दुर्गेश सूर्यवंशी के साथ मिलकर बिलासपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रो से कुल 11 नग मोटर साइकिल कीमती 8 लाख 50 हजार रूपये चोरी कर सीपत क्षेत्र के लोगों के पास बिक्री करना स्वीकार किया। पूछताछ उपरांत उपरोक्त सभी आरोपियों के कब्जे से कुल 11 नग मोटर साइकिल जब्त की गई है। मोटर सायकल के संबंध में पूर्व में ही थाना सिविल लाईन, थाना सरकंडा थाना तारबाहर, सिटी कोतवाली, कोनी में अपराध दर्ज था।

## एक नजर

### जिस क्षेत्र में रूचि उस क्षेत्र में जाकर बनाएं अपना कैरियर - तुलिका कर्मा

परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को जिपं अध्यक्ष ने दी बधाई



**दंतेवाड़ा।** सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें केन्द्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा के बच्चों का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। परीक्षा में सफल हुए सभी बच्चों को जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने बधाई दी है। तुलिका ने कहा कि कोरोना काल में भी बच्चों ने मन लगाकर पढ़ाई की, जिसका नतीजा आज हम सबके सामने है। बच्चे ही हमारे देश के भविष्य हैं। तुलिका ने कहा कि परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों मैं यही कहना चाहती हूं कि आपको जिस क्षेत्र में रूचि है उस क्षेत्र जाकर अपना कैरियर बनाएं। जो बच्चे उत्तीर्ण नहीं हो पाए या जिन्हें कम अंक मिले है उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। जीवन में हार-जीत लगे रहती है, बस आप सभी इरादा मजबूत रखें फिर देखिए कैसे सफलता आपके कदम चूमेगी। तुलिका आगे कहा कि बच्चों को शिक्षा प्रति जागरूक करने भूपेश सरकार द्वारा लगातार माहौल बनाया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम खासकर बेटियों की शिक्षा को लेकर सरकार बेहद गंभीर है।

### रोजगार, नौकरी व बसाहट के लिए संघ करेगा आंदोलन

**कोरबा** । रोजगार, बसाहट व मुआवजा सहित अन्य मुद्दों को लेकर ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति ने आंदोलन तेज का निर्णय लिया है। ग्राम नराईबोध में शहीद भू-विस्थापित गोपाल दास, फिरतुदास की शहादत दिवस पर आंदोलन को सफल करने की रणनीति की घोषणा 11 अगस्त को किया जाएगा। जिसमें कोर कमेटी सदस्य डीके मिश्राए रुद्र दास महंत, नरेंद्र राठौर, दिलहरन दास, दीपक फुलेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह राठौर संयोष दास महंत, अशोक साहू मुमताज, बहतरीन बाई, प्रमोद पैकरा, राजेश कुमार, विकास सिंह, दशरथ बिंझवार, यशवंत सिंह, विष्णु कंवर विर सिंह, सुरेंद्र खूंटे, ललित पटेल, चंदन सिंह, तिरिथ केशव, बसंत कंवर, गोपाल यादव, ललित महिलांगे, राहुल जायसवाल, संजय कंवर व अन्य उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ ध्रुव और डॉ बांधी सहित पर्यटकों ने लिया मानसून फूड फेस्टिवल का भरपूर आनंद



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** । जिले के इको हिल रिसॉर्ट कबीर चबूतरा में आयोजित मानसून फूड फेस्टिवल में मरवाही विधायक डॉ. के के ध्रुव और मस्तूरी विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधीभी सहित पर्यटकों ने छत्तीसगढ़ी द्वारा खानपान और मौसम का खूब आनंद लिया। छत्तीसगढ पर्यटन मण्डल द्वारा 23 एवम 24 जुलाई को इसका आयोजन किया गया है। विधायकों और सैलानियों ने इस आयोजन को सराहनीय कदम बताया। छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल लगातार विभिन्न माध्यमों से पर्यटकों के लिए आकर्षण कार्य किया जा रहा है। इस मानसून फूड फेस्टिवल में होटल प्रबंधन संस्थान के छात्रों द्वारा भी डिश व्यंजन तैयार किया गया। जिले में साहसिक पर्यटन गतिविधियों के लिए टेंट का प्रदर्शन किया जो बच्चों और युवाओं के लिए उत्साहजनक रहा।

# रोटरी के पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण, पूरे साल के जनहित काम का जारी किया लेखा जोखा



**बिलासपुर** । रोटरी क्लब लंबे समय से जनहित का कार्य करता आया है,और हर साल की 1 जुलाई को नई कार्यकारिणी का गठन होता है इस वर्ष हाईकोर्ट की असिस्टेंट एडवोकेट जनरल हमीदा सिद्दीकी को बिलासपुर रोटरी का अध्यक्ष चुना गया है।जिसकी कार्यकारणी का गठन और पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई के मुख्य आतिथ्य समेत अस्सिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन पायल लाठ विशेष रूप से उपस्थित रही। अटल बिहारी वाजपाई विश्वविद्यालय के कुलपति अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने मुख्य अतिथि की आसंदी से रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे है कार्यों की प्रसंशा करते हुए कहा कि रोटरी क्लब सेवा के कार्य मे हमेशा अग्रणी रहा है और जन सेवा का कार्य इस वर्ष भी अग्रणी रहेगा। इसके अलावा 2021-22 की सचिव रोटेरियन हमीदा सिद्दीकी ने गत वर्ष रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर द्वारा किये गए कार्यो का पूरा विवरण सभा की सामने प्रस्तुत किया.. जिनमें प्रमुख रूप से रू 4 कृत्रिम हाथ का प्रोजेक्ट जिसमे लगभग 180 दिव्यांगों को अमेरिका से लाये गए कृत्रिम हाथ का प्रत्यारोपण अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद् एवं अग्रवाल सभा बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन रहा.. इस वर्ष रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर ने 6 नए सदस्य इंडक्ट किये गए किरण सिंह क्षमा सिंह सुधा शर्मा अनिकेत श्रीवास्तव डॉ अजय पांडा डॉ करण लोगों ने रोटरी ज्वाइन की रोटरी मेंबर एसपी चतुर्वेदी आर एस शर्मा दीपक खंडेलवाल अमित चक्रवर्ती रमेश जोबनपुत्र सचिव आशीष अग्रवाल अमित चक्रवर्ती जूनियर रंजीत पाली तपन नस्कर सुरेंद्र गुंबर डॉक्टर जेम्स डॉक्टर नंदा रोहित शिवहरे सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा मौजूद थे।

### शिक्षा में गुणवत्ता और कसावट लाने विभागीय अधिकारियों को निर्देश

# शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कार्यालय परियोजना प्रशासक आदिवासी विकास विभाग के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने शिक्षा में गुणवत्ता और कसावट लाने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जिले में विद्यालयीन भवनों की स्थिति, शिक्षा गुणवत्ता, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, मध्याह्न भोजन संचालन, कोविड टीकाकरण, स्पोर्ट्स फॉर डेवलपमेंट, पुस्तकालय, दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शाला परिसरों में पौधारोपण तथा खेलो इंडिया के तहत खेल-मैदान विकसित करने, 'हर घर तिरंगा अभियान और जाति-प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिणामोन्मुखी कार्य-संपादन के लिए अधिकारियों प्रेरित किया। कलेक्टर ने जिन विद्यालयो में पानी टपकने-रिसने की समस्या हो उन विद्यालयों के छत पर तिरपाल लगाने, जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार हेतु प्रस्ताव भेजने, विद्यालय प्रांगण में जल-भराव की समस्या के समाधान हेतु पंचायतों के द्वारा निकासी की व्यवस्था कराने, जल-जीवन मिशन के तहत 15 वे वित्त आयोग से विद्यालयों में स्थापित पेय-जल सुविधाओं की गुणवत्ता-परीक्षण कराने, स्पोर्ट्स फॉर डेवलपमेन्ट के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित कराने एवं इसकी सतत मॉनीटरिंग करने को कहा। उन्होंने चिन्हित विद्यालयों के पुस्तकालयों को विधिवत पुस्तकालय कक्ष के अनुरूप व्यवस्थित कराने, विद्यालयों, आश्रमों एवम छात्रावासों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# समाज की सहमति के आधार पर देवगुडी-घोटूल के मूलस्वरूप में ही किया जाएगा जीर्णोद्धार - कमिश्नर

### नारायणपुर में अनुसूचित जनजाति के समाज प्रमुखों की बैठक




**जगदलपुर।** कमिश्नर श्याम धावड़े ने कहा कि समाज की सहमति के आधार पर देवगुडी-घोटूल के मूलस्वरूप में ही जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने देवगुड़ी के सेवक बैगा, माँझी, चालकी, गुनिया, सिरहा, पुजारी, आटपहरिया, बाजा मुहरिया को राजीव गांधी भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना का लाभ देने के लिए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन करवाने में समाज प्रमुख प्रशासन को सहयोग करने की अपील भी की। कमिश्नर श्री धावड़े आज नारायणपुर के जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अनुसूचित जनजाति समाज प्रमुखों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि घोटूल-देवगुड़ी स्थल का राजस्व, वन रिकार्ड में दर्ज कर देवस्थल को संरक्षित किया जाए। समाज प्रमुखों को जिले में किए जा रहे देवगुड़ी-घोटूल के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन करवाने के लिए आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए।



# भारत सरकार की अतिरिक्त सचिव ने किया जल संचयन के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण



**जगदलपुर।** भारत सरकार के गृह विभाग की अतिरिक्त सचिव बी. वी. उमादेवी ने आज जिले में जल संचयन के लिए किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर चंदन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, नगर निगम आयुक्त दिनेश नाग उपस्थित थे।

उन्होंने जगदलपुर शहर के नागरिकों द्वारा उपयोग किए गए जल के शोधन के लिए बालीकोंटा में स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के साथ ही तोकापाल विकासखण्ड के एरपुण्ड और घाट धनोरा में निर्माणाधीन अमृत सरोवर योजनांतर्गत निर्मित सरोवर, एरपुण्ड में निर्मित अर्दन डेम और मावलीभाटा में निर्मित चेक डेम का अवलोकन किया।

सुश्री उमादेवी ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की रुपरेखा, प्रक्रिया, तकनीक एवं क्षमता के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 25 एमएलडी क्षमता का यह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रदेश में सर्वप्रथम संचालित संयंत्र है। यह सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर प्रक्रिया पर कार्य करता है। इस तकनीक में शहर के गंदे पानी में से कचरे को अलग कर एसबीआर टैंक में डाला जाता है। इसमें 90 मिनट फिलिंग एवं एरियेशन में, उसके पश्चात 45 मिनट सेटलिंग और फिर 45 मिनट डिकेटिंग में लगते हैं।



# पत्नी की बोतल से मारकर की हत्या

### गैर मौजूदगी में चरित्र शंका पर हुआ था विवाद आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

*बिलासपुर । मजदूरी करने के लिए घर से निकले पति और पत्नी के बीच चरित्र शंका पर विवाद शुरू हो गया। इस दौरान उनका छह वर्षीय बेटा भी साथ था। गुस्से में आकर युवक सड़क पर ही पत्नी को दौड़ाकर पिटाई करने लगा।*



इस दौरान शराब की बोतल के टुकड़े से पत्नी की पीठ और गले में कई बार वार किए। इससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। सरकंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पौंसरा के रहने वाली धनेश धुरी(28) रोजी मजदूरी करता है।

वह अपने ससुराल लगरा में परिवार के साथ रहता है। शनिवार को दोपहर 12 बजे वह अपनी पत्नी बृहस्पति बाई धूरी(25) और छह वर्षीय बेटे के साथ काम करने के लिए घर से पैदल निकला था। गांव से कुछ दूरी पर स्थित नर्सिंग कालेज के पास धनेश चरित्र शंका करते हुए बृहस्पति बाई से विवाद करने लगा। कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच झगड़ा बढ़ गया। गुस्से में आकर धनेश सड़क पर ही पत्नी से मारपीट करने लगा। बृहस्पति पति से बचाने के लिए भागने लगी।

तब धनेश सड़क किनारे पड़ी शराब की बोतल का टुकड़ा उठाकर पत्नी के पीछे दौड़ा। उसने बृहस्पति की पीठ, गले, पेट में ताबड़तोड़ वार कर दिया। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद धनेश अपने बेटे को लेकर घर लौट गया। आसपास के लोगों ने सरकंडा पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। महिला का शव सड़क किनारे पड़ा था। पुलिस ने आरोपित धनेश को घर से हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की पूछताछ कर रही है।

## शादी के बाद ससुराल में बस गया आरोपित

ग्रामीणों से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि छह साल पहले धनेश और बृहस्पति बाई की शादी हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। बड़े बेटा छह और छोटा तीन साल का है। शादी के कुछ साल बाद धनेश परिवार समेत ससुराल लगरा में आकर रहने लगा। शनिवार को रोजी मजदूरी का काम करने के लिए अपनी पत्नी व छह साल के बच्चे के साथ घर से निकला था। जबकि छोटा बेटा अपनी नानी के साथ घर पर ही था।

## आए दिन होता था विवाद

बृहस्पति की मां ने पुलिस को बताया कि धनेश आए दिन चरित्र शंका के चलते पत्नी से मारपीट करता था। उसने पहले भी गला दबाकर पत्नी को मारने का प्रयास किया था। पति की प्रताड़ना से बृहस्पति मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान थी। कई बार धनेश को समझाया गया, लेकिन वह शराब पीने के बाद विवाद करने लगता था।

## घटना से डरा हुआ है मासूम, नहीं हुआ बयान

***पुलिस ने बताया कि पूरी घटना छह साल के बेटे के सामने हुई है। खून को देखकर बच्चा डर गया है। पुलिस का कहना है कि अभी बच्चे की हालत सामान्य नहीं है। इसलिए पूछताछ नहीं की गई है।***

# सर्जरी के क्षेत्र में सुनिश्चित सफलता और गुणवत्ता की गारंटी द विंची रोबो असिस्टेड

## शहर के राजप्रिय अस्पताल में अत्याधुनिक चौथे जनरेशन के रोबो असिस्टेड से 10 सर्जरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मेडिकल साइंस मे सर्जरी के क्षेत्र में प्रदेश के श्रेष्ठ मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने जटिल आपरेशनों के लिए विश्वस्तरीय चौथी पीढ़ी के द विंची के रोबो असिस्टेड सर्जरी की शुरुआत की है।मध्य भारत मे नागपुर और इंदौर के बाद रायपुर का रामकृष्ण केयर तीसरा सेंटर है जहां यह खिफायती और सुरक्षित रोबो सर्जरी तकनीक उपलब्ध है।




उक्त द विंची रोबो असिस्टेड सर्जरी के फ ायदे के विषय मे जानकारी देते हुए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के डॉयरेक्टर व प्रदेश के प्रख्यात सर्जन डॉ.संदीप दबे ने प्रेस वार्ता में नई तकनीक के लाभ गिनाए। शहर के छातामुरा स्थित राजप्रिय हॉस्पिटल में रोबो असिस्टेड सर्जरी के लिए आमंत्रित डॉ.दबे ने मीडिया को बताया कि चौथी पीढ़ी का रोबोट असिस्टेड सर्जिकल सिस्टम सर्जन को आवर्धन द्वारा सर्जरी की गुणवत्ता में सुधार करने में एवं सटीक रूप से सर्जरी करने में मदद करता है। और सर्जिकल परिणाम महत्वपूर्ण रूप से बेहतर बनाता है। डॉ.दवे ने कहा कि अगर कोई पूछे कि क्या रोबोट सर्जन की जगह लेता है तो यह केवल सर्जन को अधिक सटीकता के साथ सर्जरी करने में मदद करता है। उन्होंने इस उन्नत तकनीक को मरीज और सर्जन दोनों के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा कि चौथी पीढ़ी के रोबोट असिस्टेड सर्जिकल सिस्टम के इलाज मे अस्पताल में मरीज को कम दर्द और बेचैनी तथा तेजी से ठीक होने का समय और सामान्य गतिविधियों पर वापस लौटने, छोटे चीरों के परिणाम स्वरूप संक्रमण का खतरा आदि कम हो जाता है। रक्त की कमी और आधान में कमी, न्यूनतम निशान,सर्जरी में अधिक सटीकता के परिणाम स्वरूप रोगी को बेहतर सर्जिकल परिणाम प्राप्त होते हैं। यह लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिए उन्नत है। इसका उपयोग यूरोलॉजी, गायनोकोलॉजी,सर्जिकल गैस्ट्रो, नेरोलॉजी,बेरिएट्रिक सर्जरी, ऑन्कोलॉजी सर्जरी और जनरल सर्जरी में किया जा सकता है। डॉ. संदीप दबे ने बताया कि चौथी पीढ़ी का रोबो असिस्टेड सर्जिकल सिस्टम सर्जिकल प्रक्रियाओं के व्यापक स्पेक्ट्रम में मिनिमली इनवेसिव सर्जरी एमआईएस को आगे बढ़ाना जारी रखते हैं। लचीले विन्यास, उन्नयन योग्य वास्तुकला और एक सुसंगत इंटरफेस सिस्टम के कारण यह अलग है। सिस्टम बहुमुखी और लचीला है जो सेटअप स्वचालन और मार्गदर्शन के साथ दक्षता को बढ़ावा देता है। यह बहु चतुर्थांश पहुंच प्रदान करता है और इसका उपयोग विभिन्न जटिल प्रक्रियाओं के लिए किया जाता है। चौथी जनरेशन का रोबो एसपी के साथ एक सिंगल आर्म तीन मल्टी जॉइंट इंस्ट्रूमेंट्स और संकीर्ण सर्जिकल स्पेस में दृश्यता और नियंत्रण के लिए पूरी तरह से कलाई वाला 3 डी एचडी कैमरा देता है।

अब तक करीब 50 हजार सफ्ल आपरेशन कर चुके डॉ.दबे ने द विंची रोबो असिस्टेड सर्जरी को आज के वक्त की सबसे बड़ी जरुरत और विश्वसनीय ईलाज का सर्वोच्च यंत्र बताया। इस पद्धति मे रोबोटिक आर्म की आसानी को बेहतर बनाने के लिए एक लेजर टारगेटिंग सिस्टम सेट अप लंबी पहुंच वाले पतले हथियार उपकरण और एक जंगम एंडोस्कोप जिसे चार रोबोटिक हथियारों में से किसी पर रखा जा सकता है जिससे चिकित्सक पर कोई शारिरिक दबाव नहीं रहता। डॉ.दवे ने नगर के राजप्रिय अस्पताल में विंची रोबो असिस्टेड सर्जरी के माध्यम से शनिवार को दस सफल आपरेशन भी किए। गौरतलब है कि विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए सुविधाओं का उन्नयन कर रहा रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल एंड सेंटर हमेशा देश में सर्वश्रेष्ठ से मेल खाने वाली स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में सबसे आगे रहा है।

रोगी देखभाल और नवीनतम उपकरणों के क्षेत्र में इसका श्रेय डॉ. दवे व उनकी टीम को जाता है। इसी कड़ी मे प्रदेश में सर्वसुलभ व अत्याधुनिक इलाज की सुविधा के साथ चिकित्सा के क्षेत्र मे मरीजों का विश्वास बढ़ाने की दिशा में द विंची रोबो असिस्टेड सर्जिकल सिस्टम का नया आयाम स्थापित करने में सफल हुआ है। जिसका लाभ प्रदेश के मरीजों को मिलना भी शुरु हो गया है। इस प्रेस वार्ता में नगर एवं जिले के प्रख्यात युवा सर्जन व राजप्रिय अस्पताल के डॉयरेक्टर डॉ. राजकृष्ण शर्मा भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पश्चिम बोरगांव के जंगल में जुआ खेलते 4 जुवारियो को फरसगांव पुलिस ने धर दबोचा

जुआ एक्ट के तहत की कार्यवाही



**फरसगांव** । फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस के द्वारा जुआ खेलने वालो पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं उसी क्रम में फरसगांव थाना प्रभारी भापेंद्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया की मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ की पश्चिम बोरगांव जंगल में कुछ लोगो के द्वारा ताश के 52 पत्ती के साथ हार जीत का दाव लगा कर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर फरसगांव पुलिस जंगल में पहुंचकर जुआ खेलते 4 जुवारियो को ताश के 52 पत्तों के साथ पकड़ लिया जिसमें देवनाथ नेताम पिता हिरालाल नेताम नालाझर, रमेश कुलदीप पिता सुकलाल कुलदीप निवासी बानगांव, अशोक कुमार पाण्डे पिता द्वारसिंह निवासी पाण्डेआठगांव, राजेन्द्र नेताम पिता सुदरन नेताम निवासी लंजोड़ा पुजारीपारा को धर दबोचा चारो के पास से ताश की 52 पत्ती व 8180 रूपये नगद जप्त किया गया पुलिस के द्वारा जुवारियो पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ।

### तहसील कार्यालय के लिपिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**कांकेर** । कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले के तहसील कार्यालयों में अभिलेखों के संधारण, रख-रखाव और अद्यतनी करण के लिए सभी तहसील कार्यालय के रीडर, कानूनगो, वासिलवाकी नवीस ?एवं नाजरात शाखा ?के लिपिकों को जिला कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें उन्हें अपने कार्यकाल में अपने शाखा से संबंधित ?दस्तावेजों के संधारण और रख-रखाव के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। अपर कलेक्टर श्री एस.पी. वैद्य तथा संयुक्त कलेक्टर श्री जी.एस. नाग द्वारा भी लिपिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

### कर्मचारी फेडरेशन की 5 दिवसीय हड़ताल का नक्सलियों ने किया समर्थन

**जगदलपुर** । छत्तीसगढ़ के अधिकारी-कर्मचारियों की सोमवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय हड़ताल का नक्सलियों के दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने पर्चा जारी कर समर्थन किया है। कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने पर्चे में कहा है कि छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान आगामी 25 से 29 जुलाई तक के पांच दिनी कलम बंद काम बंद हड़ताल का पुरजोर समर्थन करती है। साथ ही फेडरेशन के 75 संगठनों के सभी 05 लाख कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आह्वान करती है कि वे अपने महंगाई भत्ता, भाड़ा भत्ता हासिल करने उक्त हड़ताल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

विकल्प ने पर्चे में कहा है कि शिक्षक, कर्मचारी संगठनों का आंदोलन साल भर से जारी हैं और यह भी विदित है कि शिक्षक एवं कर्मचारियों ने अब तक चरणबद्ध आंदोलन किए हैं परंतु सरकार का रवैया भैंस के सामने बीन बजाने के बराबर है, हमारी पार्टी छत्तीसगढ़ के सभी शिक्षक संगठनों से अपील करती है कि वे अपने सदस्यों को हड़ताल में शामिल करें। हालांकि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोशिएशन ने हड़ताल का समर्थन करने और स्कूल न जाने की घोषणा कर चुकी है, जो कि सराहनीय है। हमारी पार्टी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं टीचर्स एसोसिएशन का आह्वान करती है कि दोनों संयुक्त मंच गठित कर पांच दिनी हड़ताल को अनिश्चित कालीन हड़ताल में तब्दील कर अपनी मूलभूत समस्याओं के हल के लिए आगे बढ़े। विकल्प ने पर्चे में कहा है कि; हमारी स्पेशल जोनल कमेटी मजदूर व किसान संगठनों से अपील करती है कि कर्मचारियों की हड़ताल का खुलकर समर्थन करें। जिस तरह 75 संगठन एकजुट होकर छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन बनाकर अपनी जायज मांगों के लिए आंदोलन कर रहे हैं, उसी तर्ज पर इस फेडरेशन को छत्तीसगढ़ के सभी शिक्षक, किसान, मजदूर संगठनों के साथ मिलकर एक महासंघ बनाकर केंद्र, राज्य सरकारों की किसान-मजदूर-शिक्षक-कर्मचारी विरोधी एवं दलित-आदिवासी विरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक संगठित व जुझारू आंदोलन का निर्माण करने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। विकल्प ने पर्चे में बताया है कि विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्मनाक शर्तों के तहत ही केंद्र एवं राज्य सरकारों की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी सरकारी विभागों में लंबे समय से स्थायी नियुक्तियां बंद कर दी गयी हैं।

16वी बार जल चढ़ाने बाबाधाम निकले दुर्ग शिवनाथ बोलबम समिति के कांवरिये

# स्टेशन हुआ शिवभक्ति के नारे से गुंजयमान

**दुर्ग।** सावन मास में होने वाले कांवर यात्रा के तहत विश्व प्रसिद्ध बाबा वैद्यनाथ धाम ज्योर्तिलिंग में पदयात्रा कर गंगाजल चढ़ाने आज सुबह बड़ी संख्या में शिवनाथ बोलबम कांवरिया समिति के शिव भक्त कांवरिया साउथ बिहार एक्सप्रेस से बाबाधाम रवाना हुए नगर निगम के पूर्व सभापति व शिवनाथ बोलबम समिति के संयोजक दिनेश देवांगन के नेतृत्व में बाबाधाम जाने वाले 55 से अधिक बाबा भक्तो का चंडी शीतला भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर महामंत्री विजय ताम्रकर मंत्री शैलेंद्र राजपूत सहित पदाधिकारियो ने स्वागत कर यात्रा की शुभकामना दी इस दौरान समुचा स्टेशन परिसर बोलबम के नारों से गूंजता रहा ।







उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी संकट के चलते विगत 2वर्ष से बाबाधाम यात्रा बंद था किंतु इस वर्ष यात्रा चालु होने से कांवरियां बड़े उत्साहित हैं और इसका उदाहरण आज रेल्वे स्टेशन में भी नजर आया जंहा सभी बमभक्त बोलबम के नारे लगाकर उत्साहवर्धन करते रहे इस सम्बंध में समिति के संयोजक दिनेश देवांगन ने कहा कि कांवर यात्रा के तहत यह समिति का 16वा वर्ष है कोविड 19 के प्रकोप के चलते दो वर्ष तक बाबाधाम नहीं जा पाने से सभी निराश थे लेकिन इस वर्ष प्रत्येक भक्त उत्साहित होकर निकले है।

# जीपीएम पुलिस शैक्षणिक संस्थाओं में पहुंच छात्र छात्राओं को कर रही है जागरूक

गौरेला पेंड्रा मरवाही । एसपी आई कल्याण एलिसेला के निर्देशन में जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता अभियान जिले में चलाया जा रहा है। जिला पुलिस जीपीएम की टीम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकर कला, एकलव्य विद्यालय लाटा एवं नेवसा स्कूल पहुंची थी जहा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।



मिस्त्री देवी शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला गौरेला में छात्राओं को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा , महिला सेल प्रभारी सुश्री लता चौरे, साइबर सेल प्रभारी एएसआई मनोज हनौतीया एवम् महिला सेल की टीम शाला की बालिकाओं को जागरूक करने पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने छात्राओं को बताया कि कोरोना काल में हम सब मोबाइल फ्रेंडली हो गए हैं।जिससे बहुत से साइबर क्राइम बढ़े हैं और पोस्को एक्ट के अपराधों में भी वृद्धि हुई है, जिससे जागरूक रहकर ऐसे अपराधों से बचने व कोई घटना होने पर तत्काल पुलिस की मदद लेने की आवश्यकता और यह भी कहा कि आने का उद्देश्य एक है कि शाला की बालिकाओं के मन में जो भी शंका -समस्या खुलकर बात करें, पुलिस को देख कर कोई भी भय शंका ना हो पुलिस को अपना मित्र समझे और अपनी समस्या आसानी से बता सके। महिला सेल प्रभारी लता चौरे ने राज्य शासन के द्वारा लॉन्च किया गया अभिव्यक्ति एप के बारे में जानकारी देते हुए ऐप के माध्यम से कैसे तत्काल पुलिस सहायता ली जा सकती है एवं कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकती हैं। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों पर हो रहे अपराध के बारे में बताते हुए पास्को एक्ट, गुड टच बैड टच के बारे में छात्र छात्राओं को बताया एवं यातायात नियमों का पालन करने एवं हो रहे सड़क दुर्घटना से बचाव के संबंध में जानकारी देते हुए हेलमेट, वाहन से संबंधित कागजात , सीट बेल्ट की उपयोगिता के बारे में बताया गया। महिला प्रधान आरक्षक सत्या सिंह, महिला आरक्षक रेशु गौतम, शकुनवती मार्को उपस्थित रहे।

साइबर क्राइम प्रभारी- सहायक उप निरीक्षक मनोज हनोतिया के द्वारा साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति से ओटीपी शेयर ना करें। फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती ना करें। फ्रॉड कॉल के झांसे में आने से बचे।

# द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर लोहंडीगुड़ा में मनाया गया जीत का जश्न

जगदलपुर। देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी अनुसूचित जनजाति समाज की महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी लोहण्डीगुडा मंडल में जीत का जोरदार जश्न मनाया गया।




गाजे-बाजे एवं रंग गुलाल खेलते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस भी निकाला। भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता जमकर झूमे।शुक्रवार को लोहाण्डीगुडा के उसरी बेड़ा में बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ कार्यकर्ता एकत्र हुए व विजय जुलूस निकाला।भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

पूर्व विधायक लछु राम कश्यप ने कहा राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी वर्ग की महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचन होने से समूचा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। देश का आदिवासी समाज धन्यवाद प्रेषित करता है।

विजय जुलूस व जीत के जश्न के दौरान प्रमुख रूप से योगेंद्र पांडे, नरसिंह राव,पदमा कश्यप, रुक्मणि बघेल,संग्राम सिंह राणा, नरसिंह ठाकुर, बुटकी कश्यप, रंजीता जोशी, रैमती मौर्य, रदमा कश्यप,बसंत कश्यप,मगतु राम,तुलु राम, चंद्रभान कश्यप, सावेंद्र सेठीया, बलीराम बघेल, शिवनंदन, महेश सेठिया,कमलू,लक्ष्मी निवास पांडेय, विनय मौर्य,सूरज नाथ, सूदन ठाकुर, मुंशी पेंगड़, पीलूराम, सुदरू, रायधर, डोमुराम, तरुण, धनीराम, ओमप्रकाश, बाल सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ऋषभ गुप्ता की उपलब्धि से अंचल हुआ गौरान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है जिसमें हमारे रायगढ़ जिले के वनांचल क्षेत्र लैलूंगा विकासखंड के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कुंजारा के छात्र ऋषभ कुमार गुप्ता ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर लैलूंगा विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जो हमारे लैलूंगा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। ऋ षभ गुप्ता के पिता कान्हू राम गुप्ता मिडिल स्कूल केराबहार के शिक्षक हैं तथा स्काउट गाइड के विकासखंड सचिव भी हैं उनके माता हीरा गुप्ता मिडिल स्कूल नवीन कुंजारा के शिक्षिका हैं दीदी ऋचा गुप्ता नीट का परीक्षा दिए हैं। उनके माता.पिता ने बताया की ऋषभ गुप्ता ने पढ़ाई के लिए ऑनलाइन कोचिंग का भी सहारा लिया तथा पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधि में भी रुचि पूर्वक भाग लेकर व्यक्तित्व विकास के लिए ऋ षभ गुप्ता ने स्काउट गाइड में राज्यपाल अवार्ड उत्तीर्ण किया है तथा स्काउट गाइड के नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पंचमढ़ी में आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास एवं पर्वतारोहण शिविर पूर्ण किया है और स्काउट गाइड में ही नेशनल जंबूरी कैंप का प्रतिभागी भी रहा है। चरित्र निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ आर्य वीर दल शिविर के माध्यम से लैलूंगा गुरुकुल आश्रम सलखिया, हर केवल विद्यापीठ अंबिकापुर, गुरुकुल आश्रम तुरंगा आदि में आर्य वीर दल शिविर में भाग लेकर उप ब्यायाम शिक्षक की उपाधि प्राप्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में विषय विज्ञान व मानसिक योग्यता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में योग प्रदर्शन कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। ऋ षभ गुप्ता शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है अन्य रुचि में रामायण पढ़ना, तबला वादन, क्रिकेट खेलना व योगा करना उनका मुख्य रूचि है ऋषभ गुप्ता ने बताया की वह आगे चलकर नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल सेवा में जाना चाहता है। अन्य छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि पढ़ाई में सफ ल होने के लिए घर से दूर जाना कोई जरूरी नहीं है पढ़ाई के लिए माहौल बनाना अपने हाथों में है हम चाहे तो माता-पिता के साथ में रहकर पढ़ाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।



# छत्तीसगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन का रायगढ़ आगमन पर हुआ जोरदार इस्तकबाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**छत्तीसगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन का प्रथम रायगढ़ आगमन पर रायगढ़ जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों और मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा जगह.जगह आतिशी इस्तकबाल किया गया।**






सर्वप्रथम स्थानीय सर्किट हाउस से उनका काफि ला शाही ईदगाह रामपुर रोड पहुंचा और वहां रायगढ़ की महापौर जानकी काटजू, वार्ड नंबर 8 की पार्षद रुकमणी साहू, वार्ड नंबर 9 की पार्षद रंजना पटेल और मुस्लिम समाज के साथ साथ सभीसमाज के वरिष्ठ लोगों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उसके पश्चात उनका काफिला केंद्रीय विद्यालय चौक पहुंचा जहां आतिशबाजियों के बीच उनका स्वागत किया गया और भव्य बाइक रैली के माध्यम से अमीन मेमन को मोती महल ले जाया गया। जहां साजु खान, अतहर हुसैन,, अजहर हुसैन द्वारा सयुंक्त रूप से फू ल मालाओं से स्वागत किया गया। उसके पश्चात उनका काफि ला चांदनी चौक पहुंचा। जहां सानू साबरी के नेतृत्व में इस्तकबाल किया गया। उसके बाद उनका काफि ला राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पहुंचा। जहां कांग्रेस सेवादल और अल्पसंख्यक विभाग द्वारा संयुक्त स्वागत किया गया और उनसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करवाया गया। उसके पश्चात उनका काफि ला जिला कांग्रेस कमेटी पहुंचा जहां कांग्रेस के दिग्गज नेताओं द्वारा फू ल मालाओं से अगवानी की गई। जिला कांग्रेस कमेटी में कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा छत्तीसगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन का प्रथम रायगढ़ आगमन पर इस्तकबाल किया गया।

उसके बाद उन्होंने कार्यालय में अल्पसंख्यक विभाग की बैठक ली गई और पत्रकार वार्ता भी की गई। आज के स्वागत समारोह पत्रकार वार्ता सभी विभागों के पदाधिकारियों संग बैठक वार्ता और वृक्षारोपण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेशाध्यक्ष अमीन मेमन, रायगढ़ की महापौर जानकी काटजू पूर्व सभापति से शेख सलीम यारियां वार्ड नंबर 8 की पार्षद रुकमणी साहू वार्ड नंबर 9 की पार्षद रंजना कमल पटेल, गजालापरवीन, सिमरन कौर, सिबली भाई, गुलजेब अहमद, प्रभारी महामंत्री शाखा यादव दीपक पांडे अशरफ खान, सतपाल बग्गा, जयंत बोहिदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों मदन महंत विकास ठेठवार पूर्व जिलाध्यक्ष नगेंद्र नेगी, कांग्रेस सेवादल मुख्य संगठन शकील अहमद मुन्ना, किसान नेता लल्लू सिंह, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हाजी मुबस्सीर हुसैन, शेख ताजीम, नरेन्द्र जुनेजा, नरेश जायसवाल, प्रभात साहू, रामलाल पटेल,, लखेश्वर मिरी, वकील अहमद सिद्दीकी,, सुदेश लाला, सन्तोष कुम्हार, राजू टोप्पो, शैलेश मनहर, साजु खान, आरिफ हुसैन, अतहर हुसैन, यावर हुसैन, फहद अली, सैय्यद इम्तियाज बाबा, अजहर खान, उमेश तिर्की, विजय जायसवाल, शानू शाबरी, शहनवाज खान, वसीम खान, श्रेयांश शर्मा, शायरा बानो, वारसुन बेगम, अफ सरी बेगम, गजाला बाजी रानी घासीदास महंत आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्वस्ति यादव ने दसवीं में 91.4 प्रतिशत अंक अर्जित की

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



स्वस्ति यादव ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ 91.4 प्रतिशत अंक अर्जित की हैं। स्वस्ति केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर की छात्रा हैं। अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य आई.पी.यादव की पौत्री तथा डॉ.अर्चना एवं डॉ.सुरेश यादव की सुपुत्री हैं। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं वरिष्ठ जनों को दी हैं।

### ओपी चौधरी ने लगाई बूस्टर डोज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



भाजपा नेता ओपी चौधरी ने कोरोना महामारी की रोकथाम के मद्देनजर बूस्टर डोज लगाई और इसकी तस्वीर सोशल मंच में शेयर करते हुए कहा कि मोदीज के नेतृत्व में भारत ने कोरोना के खिलाफ नि:शुल्क टीकाकरण में बड़े-बड़े विकसित राष्ट्रों से भी बड़ी सफ लता अर्जित की है। ओपी ने बताया कि कोरोना की रोकथाम के लिए टीकाकरण का महाभियान 2 करोड़ के लक्ष्य को पार के चुका है स पुन: कोरोना के फैलने की संभावना के मद्देनजर बुस्टर डोज को आवश्यक बताते हुए कहा कि उन्होंने यह डोज लगा ली इस हेतु उन्होंने कोरोना वारियर्स और मोदी को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# एबीवीटीपीएस में 526 व्यक्तियों को लगाया गया कोविड-19 के बूस्टर डोज

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 526 व्यक्तियों को नि:शुल्क कोविड-19 बूस्टर डोज लगाया गया। इनमें 484 कोविशील्ड एवं 42 डोज को-वैक्सीन के शामिल हैं।

मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए प्राथमिकता के साथ बूस्टर डोज लगवाया। विद्युत संयंत्र के व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएचपी परिसर, तकनीकी भवन और विद्युत संयंत्र अस्पताल में बूस्टर डोज लगाने का प्रबंध किया गया था। यह अभियान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके.सिंह के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस. गुप्ता, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर पार्थ सिंह और अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के समन्वय से आयोजित हुआ। इसमें अति.मुख्य अभियंता रामजी सिंह, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. आरके साहू, चिकित्सा अधिकारी डॉ. कल्पदीप देब डॉ. प्रवीण पटेल, डॉ. पल्लवी साहू एवं बलौदा सीएचसी के स्टाफ नर्स एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# बाजार से मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



बहुत दिन बाद कोई मोटरसाइकिल चोर पकड़ाया है। धरमजयगढ़ के अलग अलग स्थानों से कई बार मोटरसाइकिल की चोरी हो चुकी है। लेकिन चोर पुलिस गिरफ्त में नहीं आते थे। रविवार को लगे साप्ताहिक बाजार से मोटरसाइकिल चोरी करके भाग रहे युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। बताया जा रहा है कि वीरसिंह निवासी पतरापारा धरमजयगढ़ अपने होंडा साइन मोटरसाइकिल को लेकर बाजार गया था। जहां मोटरसाइकिल को खड़ा करके खरीददारी करने में व्यस्त हो गया। जब खरीददारी करके वापस आया तो देखा कि मोटरसाइकिल वहां नहीं था। तब घटना की मौखिक सूचना थाने में देते हुए आसपास खोजबीन शुरू की। खोजबीन करते करते जब नीचेपारा के पास पहुंचे तो दो युवक मोटरसाइकिल को ले जाते दिखाई दिए। तब घेरकर दोनों युवकों को पकड़ने की कोशिश की गई लेकिन एक युवक मौका पाकर भागने में कामयाब हो गया। वहीं एक आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया है। जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश पैंकरा पिता महेंद्र पैंकरा उम्र 18 वर्ष इंदिरानगर रायगढ़ का निवासी बताया है।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


## तहसील कार्यालय के लिपिकों को दिया गया प्रशिक्षण

कांकेर । कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले के तहसील कार्यालयों में अभिलेखों के संधारण, रख-रखाव और अद्यतनी करण के लिए सभी तहसील कार्यालय के रीडर, कानूनगो, वासिलवाकी नवीस ?एवं नाजरात शाखा ?के लिपिकों को जिला कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें उन्हें अपने कार्यकाल में अपने शाखा से संबंधित दस्तावेजों के संधारण और रख-रखाव के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

# सांसद गोमती साय के प्रयास से चंपा सन्ना जिओ मोबाइल नेटवर्क की सुविधा बहाल

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।



रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय के प्रयास से जशपुर पाट क्षेत्र के सन्ना के नजदीक चंपा गांव में लगा जिओ कंपनी का मोबाइल कई वर्षों से बंद पड़ा था। सांसद के क्षेत्र भ्रमण के दौरान वहां के निवासियों ने मोबाइल नेटवर्क नहीं होने की शिकायत की थी। तब सांसद ने जिओ कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर ग्रामीणों की शिकायत से अवगत करते हुए तत्काल मोबाइल नेटवर्क चालू करने के लिए कहा। कंपनी के अधिकारियों ने सांसद साय की बात पर तत्काल अमल करते हुए जिओ नेटवर्किंग साइट्स पर जाकर जो कमी थी उसे सुधार कर ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराई। ग्रामीणों को बंद पड़े मोबाइल नेटवर्किंग की सुविधा मिलने पर सांसद गोमती साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों ने बताया कि यह क्षेत्र बहुत ही दुर्गम क्षेत्र है। इसलिए यंहा मोबाइल नेटवर्क का होना अति आवश्यक है। गंभीर हालत में जिला प्रशासन को सुव्हान समय पर दी जा सकती है।

# नीति आयोग की सूची में छत्तीसगढ़ को अंतिम स्थान पहुंचाने भूपेश की नीतियां जिम्मेदार -ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



देश के नीति आयोग द्वारा जारी सूची में छग को अंतिम स्थान मिलने पर ओपी चौधरी ने चिंता जताई और आयोग द्वारा जारी सूची को सोशल मीडिया में जारी करते हुए भाजपा नेता ओपी चौधरी ने चुटीले अंदाज में कहा कि यदि रेटिंग का विषय भ्रष्टाचार होता तो छग प्रदेश टॉप पर होता स नीति आयोग की इस सूची को लेकर ओपी चौधरी भूपेश सरकार पर हमलवार नजर आए स प्रदेश की जनता को अवगत कराते हुए भाजपा नेता ने कहा कि नीति आयोग ने इनोवेशन इंडेक्स के साथ देश के सभी राज्यों की रैंक जारी की है स सभी राज्यों के लिए तीन कैटगिरी बनाई गई थी जिनमे सभी राज्यों को प्रमुख राज्य उत्तर पूर्वी व केंद्र शासित राज्यो की कैटगिरी में शामिल किया गया था स छग को अंतिम स्थान मिलने की जानकारी देते हुए ओपी चौधरी ने कहा अगर भ्रष्टाचार करने के तरीके में यह रैंकिंग की जा रही होतीएतो कांग्रेस राज में हमारा छत्तीसगढ़ पूरे देश में शायद टॉप पर आ गया होता। ओपी चौधरी भूपेश सरकार की वादाखिलाफी को लेकर मुखर है वही परिवार वाद को लेकर भी गाँधी परिवार ओपी के निशाने पर है।

# कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया



जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय अकलतरा में कोविड-19 टीकाकरण शिविर 23 जुलाई को लगाया गया। इसके तहत वेल विशर फाउंडेशन समिति के अध्यक्ष अविनाश सिंह विद्यालय के अध्यक्ष बिहारीलाल ताम्रकार, सत्यनारायण एवं गणमान्य नागरिक तथा विद्यालय के प्राचार्य केशव कुमार कौशिक के निर्देशन में संपन्न हुआ।

लगभग 45 अभिभावक तथा कुल 172 भैया- बहिन को टीकाकरण का लाभ लिये।

विद्यालय परिवार के सभी अचार्य- अचार्या तथा कर्मचारियों को (प्रिकॉशन ) बूस्टर डोज लगाया गया। भैया-बहनों तथा आचार्य परिवार से कोविड-19 नियमों के पालन की जानकारी दी गई। सर्वे भवंतु सुखिन: शांति मंत्र के साथ संपन्न हुआ।

विद्यालय परिवार वेलविशर फाउंडेशन सामाजिक संस्था अकलतरा तथा समस्त अतिथियों का आभारी है।

# स्व बिसाहूदास मंहत की पुण्यतिथि अवसर पर किया गया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

दिव्यांगों को किया गया ट्राइसिकल का वितरण, बालोउद्यान में स्व महंत के पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



स्व बिसाहूदास महंत के पुण्यतिथि के अवसर पर बाल उद्यान जांजगीर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथियों ने स्व महंत के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के साथ दिव्यांगों एवं निशक्तजन को ट्राइसिकल, कृत्रिम उपकरण और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना महंत सहित संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि सिंह, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़, विधायक रामकुमार यादव, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राम सुंदर दास, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्व बिसाहूदास महंत को सभी ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राइसिकल, निशक्तजन विवाह प्रोत्साहन राशि, कृत्रिम उपकरण का वितरण भी समाज कल्याण विभाग के माध्यम से किया गया। प्रसिद्ध सूफी गायक पदमश्री डॉ भारती बंधु द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों और कबीर गायन की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का सम्मान शॉल और श्रीफल देकर किया गया। इस दौरान सदस्य महिला आयोग सुश्री शशिकांता राठौर, भगवान दास गढ़ेवाल अध्यक्ष नगरपालिका परिषद,सूरज महंत, शेषराज हरवंश, पार्षद श्रीमती शीमा राजू शर्मा तथा बड़ी संख्या में पार्षद, एल्डरमैन, जनप्रतिनिधिगण व आमनागरिक उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in